CMYK

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 4 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 20 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## भजनलाल सरकार की रियायती दर पर लोन देने की योजना वंचित लोगों के लिए बनी वरदान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ग्रामीण परिवेश से ताल्लुक रखते हैं बचपन से लेकर युवा अवस्था तक मुख्यमंत्री शर्मा ने ग्रामीणों के बीच में अपना जीवन बिताया है इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित लोगों के कष्ट के जीवन को उन्होंने अपनी आंखों से देखा है इसीलिए पिछले 2 साल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित लोगों को आर्थिक संबल देने के लिए रियायती दर पर उन्हें लोन उपलब्ध करवाने की दिशा में तेजी से कार्य किया है जिसकी वजह से प्रदेश में वांछित और आर्थिक रूप से कमजोर लोग प्रदेश सरकार की इस योजना का फायदा उठाकर अपने छोटे-छोटे बिजनेस को बड़ा आकार देने का प्रयास कर रहे हैं जिससे उनकी आर्थिक स्थिति तेजी से मजबूत हो रही है राज्य सरकार द्वारा वंचित वर्गों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया यह कदम अब प्रदेश के हजारों परिवारों के लिए वरदान बन गया है राज्य सरकार इन वर्गों के लिए स्वरोजगार कौशल प्रशिक्षण तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है जिससे वह आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन सके



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अंत्योदय की भावनाओं को केंद्र में रखकर राज्य सरकार की नीतियों एवं योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करवा रहे हैं ताकि विकसित समावेशी और सशक्त राजस्थान बनने की दिशा में मजबूती से राजस्थान आगे बढ़ सके इसी दिशा में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के अधीन राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड ने उल्लेखनीय पहल की है निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति , सफाई कर्मचारी एवं दिव्यांग जनों के 1381 लाभार्थियों को लगभग 20 करोड रुपए के रियायती ब्याज दर पर लोन स्वीकृत किए हैं इससे इन्हें स्वरोजगार के नए अवसर मिल सकेंगे जानकारी के अनुसार राज्य सरकार द्वारा जनहित से जुड़ी सभी योजनाओं का क्रियान्वयन लाभार्थियों तक निर्धारित समय के अनुसार किया जा रहा है इसी के तहत निगम द्वारा गत वर्ष अनुसूचित जाति के 671 लाभार्थियों को लगभग 7.52 करोड रुपए अनुसूचित जनजाति के 325 लाभार्थियों को 3.25 करोड रुपए सफाई कर्मियों के 106 लाभार्थियों को 3.81 करोड रुपए तथा 51 दिव्यांगों को 58.08 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत किया गया है विभिन्न वर्गों के पात्र लाभार्थियों को लगभग 20 करोड रुपए का ऋण वितरण किया गया । मुख्यमंत्री के संवेदनशील नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 202526 के लिए भी ऑनलाइन ऋण आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है निर्धारित लक्ष्य 3470 के मुकाबले 15635 आवेदन प्राप्त हुए हैं जो योजना के प्रति आमजन के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है वित्तीय वर्ष 2025 26 में जनवरी 2026 के दौरान जिला स्तरीय ऋण चयन समितियां द्वारा जिलेवार साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे चयनित आवेदकों द्वारा आवश्यक दस्तावेज पूरे करने के बाद डीबीटी के माध्यम से लोन की राशि सीधे उनके अकाउंट में पहुंच जाएगी ।

### बैंकों के माध्यम से भी ऋण स्वीकृत

अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों के माध्यम से भी ऋण स्वीकृत कराया जा रहा है इसमें लक्ष्य 3400 के विरुद्ध अब तक 2670 व्यक्तियों को विभिन्न बैंकों से ऋण स्वीकृत कराया जा चुका है प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदया योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को प्रोजेक्ट लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50000 रुपए इन दोनों में जो भी काम हो अनुदान के रूप में उपलब्ध करवाया जाता है वित्तीय वर्ष 2025 26 में अनुसूचित जाति लाभार्थियों के लिए 452 लख रुपए का अनुदान स्वीकृत किया जा चुका है जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के प्रभावी नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना को आत्मसात करते हुए हर जरूरतमंद तबके के साथ खड़ी नजर आ रही है राज्य सरकार उन्हें आर्थिक संबल प्रदान कर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लक्ष्य की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है यही वजह है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के कमजोर और वंचित परिवारों में प्रशंसा का पात्र बने हुए हैं ।

## भजनलाल सरकार की कैबिनेट की बैठक कल, बजट सत्र और कई अन्य विषयों को लेकर होगी चर्चा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भजनलाल सरकार की कैबिनेट की बैठक कल शासन सचिवालय में आयोजित की जाएगी पहले कैबिनेट की बैठक होगी और फिर राज्य मंत्री परिषद की बैठक होगी बजट सत्र से पहले आयोजित होने वाली इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है इस बैठक में आगामी बजट सत्र तथा कई अन्य विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा होगी और कुछ आवश्यक निर्णय भी लिए जाएंगे आगामी बजट सत्र में सरकार की ओर से विधानसभा में प्रस्तुत किए जाने वाले नए बिलों को लेकर भी चर्चा हो सकती है इसके अलावा बजट की रूपरेखा और बजट में शामिल किए जाने वाले विभिन्न बिंदुओं को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा अपने मंत्रियों के साथ विस्तार से चर्चा कर सकते हैं जानकार लोगों का कहना है कि चालू जनवरी का महीना राजस्थान सरकार और प्रदेश के लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि एक तरफ जहां विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो रहा है तो दूसरी तरफ बाड़मेर के रिफाइनरी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों शुभारंभ किया जाने की खबरें चर्चा का विषय बनी हुई है इसलिए इस बैठक में रिफाइनरी से जुड़े विषय और प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर चर्चा होने की संभावना है बताया गया है कि वैसे तो आगामी बजट की रूपरेखा तैयार करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं, विधायकों और मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ नियमित रूप से चर्चा करते रहे हैं और आवश्यक सुझाव और सलाह भी उन्होंने ली है लेकिन बजट सत्र में सरकार की ओर से संपादित की जाने वाली संपूर्ण कार्रवाई के संबंध में कल होने वाली बैठक में सामूहिक चर्चा के बाद आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे जिसमें बजट के अलावा भी कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा होगी कल होने वाली बैठक में राजस्थान सरकार की ओर से अब से पहले जो बजट पारित किए गए उन बजट की घोषणाओं की क्रियान्वयन के संदर्भ में भी मंत्रिमंडल के सदस्यों से मुख्यमंत्री शर्मा सवाल जवाब कर सकते हैं और मंत्रियों से उनके विभागों के कामकाज का फीडबैक लेने के साथ-साथ आगामी बजट में उनके विभागों से जुड़ी घोषणाओं के बारे में भी मुख्यमंत्री शर्मा मंत्रियों के साथ विचार विमर्श करके आवश्यक निर्णय ले सकते हैं इसलिए कल की यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है बताया गया है कि राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली इस समय सरकार से पूरी तरह से आर पार की लड़ाई छेड़े हुए हैं इसलिए आगामी बजट सत्र में भी कांग्रेस पार्टी की ओर से कई सब्जेक्ट और ज्वलंत मुद्दों को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करने की तैयारी में है इन सब विषयों पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पूरा फोकस है इसलिए अपनी टीम के सदस्यों के साथ कांग्रेस पार्टी जिन संभावित मुद्दों और विषयों को लेकर सरकार पर हमला बोल सकती है इसका विपक्ष को करारा जवाब देने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा सभी मंत्रियों को अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश दे सकते हैं तथा मंत्रियों को पूरी तैयारी के साथ विधानसभा में आने के निर्देश भी दे सकते हैं ।

## भजनलाल शर्मा ने अधिकांश जिलों में किया प्रवास,आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए उठाए ठोस कदम: गौतम दक

### प्रदेश भाजपा कार्यालय में सोमवार को फिर सजा मंत्रियों का दरबार, कार्यकर्ताओं की सुनी समस्याएं

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सुनवाई के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कहा कि पार्टी कार्यालय में मंत्रियों द्वारा नियमित रूप से कार्यकर्ता सुनवाई की जा रही है। इस दौरान करीब 70 से अधिक परिवाद सामने आए। जिन समस्याओं का त्वरित समाधान संभव था, उनका मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि अन्य परिवादों को संबंधित विभागों को भेजा गया है। दक ने बताया कि सुनवाई में तबादलें, भूखंड विवाद सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामले सामने आए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मंत्री गौतम दक ने कहा कि कांग्रेस अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में जनसंपर्क नहीं कर पाई। उनकी सरकार होटलों में बंद रही, जबकि भाजपा सरकार पिछले दो वर्षों से लगातार जनता के बीच जाकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत स्वयं स्वीकार कर चुके हैं कि वे दो साल तक घर से बाहर नहीं निकले थे। मंत्री दक ने कहा कि प्रदेश का ऐसा कोई जिला नहीं होगा, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दौरा नहीं किया हो। मुख्यमंत्री ने जिलों में प्रवास कर जनता की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए। जनता ने भाजपा सरकार के दो वर्षों के बजट को देखा है और अब तीसरे बजट की तैयारियां चल रही हैं। हर वर्ग और हर समुदाय से संवाद कर बजट को लेकर सुझाव लिए जा रहे हैं। वहीं कांग्रेस सरकार की कई घोषणाएं आज भी अधूरी पड़ी हैं। एसआईआर और मनरेगा को लेकर कांग्रेस के आंदोलनों पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री गौतम दक ने कहा कि कांग्रेस को विवाद खड़ा करने के लिए कोई न कोई मुद्दा चाहिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी है। आयोग की ओर से सूची जारी हो चुकी है, जिसमें दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का प्रावधान है। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है और दावों-आपत्तियों की तिथियां बढ़ाने या न बढ़ाने का निर्णय आयोग अपने विवेक से करता है, किसी भी राजनीतिक दबाव में नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी नाम काटने की कोई अंतिम कार्रवाई नहीं हुई है, केवल आपत्तियां दर्ज की गई हैं। जांच के बाद सही या गलत पाए जाने पर ही निर्णय लिया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को लगता है कि उसका नाम गलत तरीके से हटाया गया है, तो वह अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर नाम पुनः जुड़वा सकता है। दक ने कहा कि कांग्रेस को अंतिम सूची जारी होने के बाद यदि कोई आपत्ति होती तो बात समझ में आती, लेकिन अभी तो केवल प्रारंभिक प्रक्रिया चल रही है।

## एक जिला-एक पहचान थीम पर आयोजित होगी पंच गौरव चित्रकला प्रतियोगिता

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार पंच-गौरव प्रोत्साहन योजना के तहत विद्यार्थियों को योजना की महत्ता, उपयोगिता व आवश्यकता से परिचित कराने के उद्देश्य से 22 जनवरी को जयपुर जिले के समस्त राजकीय व निजी विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को आयोजन के संबंध में जिम्मेदारियां सौंपी है। चित्रकला प्रतियोगिता की थीम 'एक जिला-एक पहचान' निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी आमेर दुर्ग, कबड्डी खेलते हुए खिलाड़ी, रत्नाभूषण, आंवला का पौधा एवं उससे निर्मित उत्पाद तथा लिसोड़ा का पौधा एवं उससे निर्मित उत्पादों से संबंधित चित्र बनाएंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को जिले की सांस्कृतिक विरासत, खेल परंपरा व स्थानीय उत्पादों की पहचान से अवगत कराना है। प्रतियोगिता का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण में ग्राम पंचायत, नगर परिषद एवं नगरपालिका स्तर पर तीन सर्वश्रेष्ठ चित्रकला बनाने वाले विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। द्वितीय चरण में ब्लॉक स्तर पर चयनित विद्यार्थियों में से तीन सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन कर उपखण्ड स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। तृतीय चरण में जिला स्तर पर तीन सर्वश्रेष्ठ चित्रकला बनाने वाले विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें जिला स्तर पर पंच-गौरव योजना के अंतर्गत प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही पंच-गौरव प्रोत्साहन योजना योजना पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की ओर से बनाई गई चित्रकलाओं की प्रदर्शनी उपखंड व जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने संबंधित विभागों व विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए हैं कि प्रतियोगिता का आयोजन निर्धारित तिथि पर सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जाए। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ जिले की विशिष्ट पहचान और पंच-गौरव योजना की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी।

## चांदी 3 लाख रुपए किलो में बिकी, शुद्ध सोना 148000 प्रति 10 ग्राम

**जयपुर(कासं.)।** सोने की तुलना में चांदी के भाव में लगातार वृद्धि होती जा रही है सोमवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी के भाव 3 लाख रुपए किलो निर्धारित थे तो शुद्ध सोना 148000 रुपए प्रति 10 ग्राम निर्धारित थे जयपुर सराफा बाजार से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को चांदी के भाव में 11000 रुपए प्रति किलो और सोने की कीमत में ढाई हजार रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़ोतरी हुई इस तरह से सोने की तुलना में चांदी की कीमतों में निरंतर वृद्धि हो रही है जिसकी वजह से ग्रामीण क्षेत्र के लोग जो चांदी की ज्यादा खरीदारी किया करते थे वे अब चांदी पहले की तुलना में कम मात्रा में खरीदने लगे हैं

## भजनलाल सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए महिला मोर्चा ने बनाई रणनीति



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिछले 2 साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से प्रदेश की जनता के लिए संपादित की गई जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रचार के लिए प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है मोर्चा ने इसके लिए व्यापक कार्य योजना तैयार की है जिसके माध्यम से पिछले 2 साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार और केंद्र की मोदी सरकार ने जोजो ऐतिहासिक निर्णय लिए और जो जो ऐतिहासिक कार्य किया तथा प्रदेश के लोगों के कल्याण के लिए और विकास के लिए जारी की गई योजनाओं इन सब के बारे में प्रदेश के लोगों को बारीकी से जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए पार्टी की महिला मोर्चा के संगठन से जुड़ी महिलाएं पूरी तरह से तैयार हैं इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष राखी राठौड़ ने की। बैठक में प्रदेशभर की सभी जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारी बहनों ने सहभागिता की। इस अवसर पर पंचायत स्तर तक योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा 'घर-घर जाकर महिला से महिला संवाद' कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता प्रत्येक पंचायत में जाकर महिलाओं से सीधा संवाद करेंगी, उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगी तथा पात्र महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय सहयोग करेंगी।

# नितिन नवीन का आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर आधिकारिक रूप से नियुक्ति का होगा ऐलान, नरेंद्र मोदी भी रहेंगे मौजूद

### अकेले नितिन नवीन ने नामांकन किया दाखिल, इस दौरान अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित सभी बड़े नेता रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** नितिन नवीन ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर विराजमान होंगे क्योंकि सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल नितिन नवीन ने ही नामांकन दाखिल किया इसलिए नितिन नवीन निर्विरोध रूप से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर चुन लिए जाएंगे इसकी आधिकारिक घोषणा आज 20 जनवरी को की जाएगी नितिन नवीन के सम्मानमें भाजपा के दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में आज एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन भी रखा जा रहा है इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे और मोदी कार्यक्रम में पार्टी जनों को संबोधित भी करेंगे इस कार्यक्रम में नितिन नवीन के सभी परिजन भी मौजूद रहेंगे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सोमवार को दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में राजनीतिक गतिविधियां चरम पर रही इस महत्वपूर्ण पद के लिए नितिन नवीन ने औपचारिक रूप से अपना नामांकन दाखिल कर दिया नामांकन के दौरान पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी और समर्थन ने यह लगभग स्पष्ट कर दिया है कि नितिन नवीन का 12वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना जाना तय है माना जा रहा है कि आज औपचारिक रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नवीन के नाम की घोषणा भी कर दी जाएगी नामांकन के दौरान भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में राजनीतिक और संगठनात्मक ताकत का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, नितिन नवीन के प्रस्तावक बने इन दिग्गज नेताओं का प्रस्तावक के रूप में सामने आना इस बात का संकेत है कि पार्टी नेतृत्व पूरी तरह नितिन नवीन के पक्ष में एकजुट है नितिन नवीन के नामांकन दाखिल करने के दौरान भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी सांसद और पार्टी के सीनियर नेता भी इस मौके पर पार्टी कार्यालय में मौजूद रहे पार्टी कार्यालय में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला जहां कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी और स्वागत के जरिए अपना समर्थन जताया ।

### पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह

नितिन नवीन के नामांकन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला है पार्टी कार्यालय के बाहर और भीतर कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों और मिठाइयों के साथ प्रसन्नता जाहिर की है कई कार्यकर्ताओं का कहना था कि नितिन नवीन जैसे संगठन आत्मक नेता के अध्यक्ष बनने से पार्टी को नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा मिलेगी कार्यकर्ताओं का मानना है कि नितिन नवीन की नेतृत्व शैली संवाद पर आधारित है और वह कार्यकर्ताओं की बात सुनने वाले नेता हैं इससे संगठन में नीचे तक सकारात्मक संदेश जाएगा।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित राजस्थान भाजपा के 20 बड़े नेता प्रस्तावक के रूप में रहे मौजूद

नितिन नवीन के नामांकन दाखिल करने के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया , राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ,सांसद और राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सीपी जोशी, राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अशोक परनामी, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, राज्य किस आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, पूर्व सांसद नारायण पंचारिया, अजय पाल सिंह सहित राजस्थान भाजपा के 20 नेता प्रस्तावक के रूप में मौजूद रहे ।

### नितिन नवीन और भजनलाल शर्मा दोनों गर्म जोशी से एक दूसरे से मिले

दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नितिन नवीन से मुलाकात की दोनों नेता एक दूसरे से काफी उत्साह और गर्म जोशी से मिले दोनों नेताओं के बीच आपस में बातचीत हुई दोनों ही नेताओं ने मुस्कुराते हुए एक दूसरे का अभिवादन किया मुलाकात के दौरान दोनों ही नेता एक जैसे दिख रहे थे क्योंकि दोनों ही नेताओं को युवावस्था में ही बड़ी जिम्मेदारी मिली है और दोनों ही नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के काफी करीबी हैं इसलिए नितिन नवीन और भजनलाल शर्मा के बीच आपस में हुई यह मुलाकात पार्टी मुख्यालय में पार्टी जनों में चर्चा का विषय भी बनी रही । बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद ने केवल संघटनात्मक दृष्टि से बल्कि राजनीतिक रूप से भी बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी के विचारधारा संगठन आत्मक दिशा और चुनावी रणनीति का प्रमुख चेहरा होता है ऐसे में जब देश में लोकसभा विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया चल रही है पार्टी नेतृत्व एक ऐसे अध्यक्ष की तलाश में था जो संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सके नितिन नवीन के चैन को इसी रणनीति का हिस्सा माना नितिन नवीन के सिलेक्शन को इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है पार्टी सूत्रों के अनुसार उनका फोकस संगठन को बूथ स्थल तक मजबूत करने नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और पार्टी की नीतियों को आम जनता तक प्रभावित तरीके से पहुंचने पर ।

### नितिन नवीन के अध्यक्ष बनने के बाद बिहार में आने वाले सालों में भाजपा और मजबूत होगी

राजनीति के जानकार लोगों का कहना है कि नितिन नवीन बिहार की राजनीति से ताल्लुक रखते हैं और बिहार में नीतीश कुमार की सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं तथा इनकी आयु भी काफी कम है लेकिन पार्टी के संगठन से जुड़े विषयों में इन्होंने कम आयु में ही काफी अच्छा ज्ञान अर्जन कर लिया इसलिए भाजपा के दिल्ली दरबार की ओर से इन्हें अब तक बिहार में और बिहार से बाहर जहां जिस काम की जिम्मेदारी दी उस काम को उन्होंने बहुत ही शानदार तरीके से संपादित करके दिखाया इसलिए नितिन नवीन के कार्यों से और उनकी राजनीतिक कुशलता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की बहुत पहले से ही निगाह थी नितिन नवीन काफी युवा है और बहुत ही कम आयु में इन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है इसलिए एक तरफ जहां बिहार में भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं में उत्साह का संचार होगा क्योंकि नितिन नवीन अब से पहले बिहार बीजेपी से ही जुड़े हुए थे जाहिर तौर पर अब बिहार में भारतीय जनता पार्टी के विस्तार की संभावनाओं को और गति मिलेगी इसलिए आने वाले सालों में बिहार में भारतीय जनता पार्टी का संगठन काफी मजबूत होगा जो बिहार में हो सकता है आने वाले सालों में भाजपा अकेले अपने दम पर सरकार बना ले इसलिए एक तरफ जहां नितिन नवीन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नियुक्ति से बिहार में भाजपा और मजबूत होगी तो दूसरी तरफ पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी के युवा नेताओं और कार्यकर्ताओं में भी एक नया जोश और उत्साह का संचार होगा जो पार्टी के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा।

CMYK

# GRAM-2026 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश

## बसंत पंचमी से शिविरों का शुभारंभ, 10 दिनों तक चलेगा अभियान

## अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित




जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण को लेकर विशेष निर्देश दिए और कहा कि सभी शिकायतों का समाधान गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक जिला स्तरीय अधिकारी प्रतिदिन कम से कम दो शिकायतकर्ता परिवारों से फोन पर संवाद कर फीडबैक लें, ताकि निस्तारण की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके और इसका विधिवत रिकॉर्ड भी संधारित किया जाए। बैठक में शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी राजकीय विद्यालयों में 22 निर्धारित पैरामीटर के आधार पर लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कर वहां चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी लेने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर विशेष ध्यान देने को कहा। पालनहार योजना के अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्रों को समय पर तैयार करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि लाभार्थी विद्यार्थियों को योजना का लाभ बिना किसी बाधा के मिलता रहे। स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को सभी दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड अनिवार्य रूप से बनवाने के निर्देश दिए। वहीं समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी पेंशन लाभार्थियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से आच्छादित किया जाए, जिससे पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंच सके और किसी भी स्तर पर पात्रता के बावजूद कोई भी वंचित न रहे।

इसी क्रम में बैठक में राज्य स्तर पर आयोजित जीआरएएम-2026 (Global Rajasthan Agri-Tech Meet-2026) की तैयारियों के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में राज्य की प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किए जाएगें। इन शिविरों का उद्देश्य अधिक से अधिक कृषकों और पशुपालकों की जीआरएएम-2026 में सहभागिता सुनिश्चित करना तथा उन्हें विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी और लाभ उपलब्ध कराना है।

इन विशेष शिविरों का शुभारंभ 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर किया जाएगा। इसके पश्चात 24, 25 एवं 31 जनवरी तथा 1 एवं 5 से 9 फरवरी 2026 तक कुल दस दिवसों में प्रत्येक गिरदावर वृत पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित सभी संबंधित विभागों की सक्रिय सहभागिता रहेगी, ताकि ग्रामीणों, कृषकों एवं पशुपालकों को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने शिविरों के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने एलआर प्रभारी को प्रत्येक गिरदावर वृत में शिविरों के आयोजन का कैलेंडर तैयार कर सभी विभागों को तत्काल सूचित किया जाएगा, जिससे समन्वय के साथ कार्य किया जा सके। 23 जनवरी को आयोजित होने वाले प्रथम शिविर में सहकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री किसान निधि की डीबीटी प्रक्रिया को एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जाएगा।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिविरों में गिरदावर सर्किल की सभी ग्राम पंचायतों, जीएसएस तथा संबंधित विभागों के क्षेत्रीय अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। प्रत्येक विभाग को अपने लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से निर्धारित करते हुए जिला कार्यालय को अवगत कराना होगा। साथ ही प्रत्येक दिवस शिविर के समापन के बाद लक्ष्यों के अनुसार प्रगति, कृषकों की सहभागिता तथा विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति की रिपोर्ट जिला कार्यालय को ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी, ताकि पूरे अभियान की सतत निगरानी की जा सके।

बैठक के दौरान समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमिवाल, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, उपनिदेशक सूचनाओं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, सहायक निदेशक कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, सहायक अभियंता बिजली विभाग दिनेश भड़ाना, एसीएफ वन विभाग संजय चौधरी, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन करावे यथाशीघ्र

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स के लिए वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है अतः पेंशनर्स शीघ्रातिशीघ्र अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन करावे। उन्होंने बताया कि पेंशन अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्क पर जाकर अपनी अंगुली की छाप के माध्यम से सत्यापन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पेंशन विभाग द्वारा जारी मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल पर फेस कैप्चर करने निःशुल्क सत्यापन करा सकते हैं, अपने क्षेत्र के पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर पेंशन पीपीओ में जुडे मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त करके, ई-मित्र प्लस मशीनों के माध्यम से भी निःशुल्क सत्यापन करा सकते हैं। इनमें से किसी भी माध्यम से सत्यापन नहीं हो पाता है तो संबंधित पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी/विकास अधिकारी) के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के कुल 2 लाख 48 हजार 814 पेंशनर्स पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं जिसमें से 46 हजार 969 पेंशनर्स का सत्यापन बकाया है। भौतिक सत्यापन के अभाव में जनवरी 2026 के बाद पेंशन राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा।

# श्री श्याम परिवार सेवा समिति अलवर की बैठक में किया कार्यकारिणी का गठन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री श्याम परिवार सेवा समिति अलवर की आमसभा शिवा पैलेस मनुमार्ग अलवर पर अशोक जैन (अगोनिज) की अध्यक्षता में हुई। श्री श्याम परिवार सेवा समिति प्रवक्ता महेन्द्र गोयल ने बताया कि आमसभा में अध्यक्ष रूपेश जैन द्वारा चतुर्दशम श्री श्याम वंदना महोत्सव की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक - अशोक जैन (अगोनिज), संरक्षक - विमल कुमार जैन, राजेंद्र चौधरी, कमलचंद जैन, रतनलाल, जितेंद्र खुराना को, महामंत्री - जयप्रकाश जैन, सह मंत्री - चिराग जैन, तन्मय जैन, कोषाध्यक्ष - बृजेश गुप्ता, सहकोषाध्यक्ष - किशोर गेरा, कीर्तन, संयोजक - जितेंद्र खंडेलवाल, लोकेश गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक - धर्मेंद्र मिश्रा, मनीष जैन (हरि साउंड), कार्यालय प्रभारी - भुवनेश कुमार विजय, कैलाश कुमावत, प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी - महेन्द्र गोयल को बनाया गया। आमसभा में आगामी अप्रैल 2026 माह में तीन दिवसीय कार्यक्रम दशहरा मैदान पर आयोजित करने का निर्णय भी किया गया।

# होटल एसोसिएशन ने किया अलवर टाइगर मैराथन का पोस्टर जारी




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन सरिस्का, अलवर की ओर से आठ फरवरी को होने वाली अलवर टाइगर मैराथन की सफलता के लिए पोस्टर जारी किया। इस मौके पर एसोसिएशन ने अलवर मैराथन की सफलता के लिए देश भर में प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया। एसोसिएशन कार्यकारिणी ने अलवर टाइगर मैराथन का पोस्टर जारी किया। इसमें यह निर्णय लिया गया कि आठ फरवरी को होने वाली इस मैराथन के लिए एसोसिएशन पहले से व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करेगी। इसके लिए सोशल तथा अन्य मीडिया का सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष भाटिया, सचिव अजय गर्ग, ललित बेनीवाल सहित कुलदीप नरुका, विनय सिंघल, दशरथ सिंह, योगेश भेड़ी, आशीष खटटर, अनुप्रीत सिंह, सुरेन्द्र नरुका आदि थे। पर्यटन उद्योग को मिलेगा बढ़ावा- इस अवसर पर होटल एसोसिएशन ने सर्वसममति से केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की ओर से अलवर में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। इस मैराथन से अलवर में पर्यटन के साथ सर्वांगीण विकास होगा। अध्यक्ष मनीष भाटिया के अनुसार इससे सरिस्का क्षेत्र में बाघों की सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और आम जन में बाघ को लेकर चेतना आएगी। अलवर के विकास में यह मैराथन एक मील का पत्थर साबित होगी। एसोसिएशन ने अधिक से अधिक लोगों से इस मैराथन में भाग लेने की अपील की है।

# नगर निगम द्वारा स्वच्छता संदेश यात्रा के माध्यम से दिया गया स्वच्छ व सुन्दर अलवर का संदेश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं साफ बनाए रखने के उद्देश्य से निकाली गई स्वच्छता संदेश यात्रा को नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरुका ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर निगम आयुक्त नरूका ने बताया कि स्वच्छता संदेश यात्रा के माध्यम से आम नागरिकों को सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग रखने तथा स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। जनजागरूकता को प्रभावी एवं आकर्षक बनाने के लिए स्वच्छता मास्कॉट का उपयोग किया गया, जिसके माध्यम से नागरिकों को सरल भाषा में कचरा पृथक्करण, खुले में कचरा न फेंकने और साफ-सफाई बनाए रखने का संदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता यात्रा के दौरान विशेष रूप से उन स्थानों पर लोगों को जागरूक किया गया, जहाँ पूर्व में कचरे के ढेर लगे रहते थे, ताकि भविष्य में ऐसे स्थानों को स्वच्छ बनाए रखा जा सके। उन्होंने बताया कि स्वच्छता यात्रा नगर निगम कार्यालय से प्रारंभ होकर मनु मार्ग तक पहुँची। मनु मार्ग स्थित गारबेज वल्नरेबल प्वाइंट (जीवीपी) पर रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया, जिससे राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों का विशेष ध्यान आकर्षित हुआ। उन्होंने बताया कि इस अभियान में स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता से जुड़े नारे लगाकर आमजन को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य नागरिकों की सहभागिता से अलवर शहर को साफ, सुंदर एवं स्वच्छ बनाना है।




# कप्तान छुट्टन लाल के नाम पर भूगोर तिराहा नामकरण व प्रतिमा स्थापना की मांग

## आदिवासी संघर्ष समिति का कलेक्ट्रेट गेट पर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आदिवासी संघर्ष समिति भूगोर, अलवर के तत्वावधान में सोमवार को कप्तान छुट्टन लाल के सम्मान में भूगोर तिराहे का नामकरण उनके नाम पर किए जाने एवं वहां उनकी प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर मिनी सचिवालय कलेक्ट्रेट गेट पर शांतिपूर्ण सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया गया। धरने का नेतृत्व पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम नरेंद्र मीणा ने किया।

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष (कला महाविद्यालय) चेतन मीणा ने बताया कि यह मांग वर्ष 2017 से लगातार उठाई जा रही है, लेकिन अब तक शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि भूगोर तिराहे के आसपास बड़ी संख्या में आदिवासी समाज निवास करता है, ऐसे में समाज की भावनाओं के अनुरूप तिराहे का नामकरण एवं प्रतिमा स्थापना किया जाना आवश्यक है।

धरना स्थल पर मंच संचालन हेमंत दीवान ने किया। उन्होंने कप्तान छुट्टन लाल के जीवन, संघर्ष और आदिवासी समाज के उत्थान में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका चेयरमैन हिम्मत चौधरी ने आदिवासी समाज की मांगों को न्यायोचित बताते हुए समर्थन व्यक्त किया। कांग्रेस नेत्री लिली यादव, सरपंच विश्राम मीणा, सरपंच इंद्र मीणा, गोविंद मीणा एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र मीणा सहित अन्य वक्ताओं ने भी कप्तान छुट्टन लाल के सामाजिक योगदान को याद किया।

धरने के दौरान मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) को सौंपा गया। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि 10 दिनों के भीतर मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो आदिवासी समाज जिलेभर से एकजुट होकर कलेक्ट्रेट का घेराव करेगा। वक्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि 31 जनवरी 2026 तक मांगें पूरी नहीं हुईं, तो मीणा समाज प्रदेश स्तर पर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं ग्रामीण स्तर के लोगों को साथ लेकर विशाल आंदोलन करेगा।

एडीएम ने प्रतिनिधिमंडल को मांगों पर शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। धरना-प्रदर्शन एवं ज्ञापन के दौरान संघर्ष समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा, पार्षद धर्मेंद्र मीणा, जिला उप-प्रमुख ललिता मीणा, मीणा समाज अध्यक्ष बब्बू मीणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में आदिवासी समाजजन उपस्थित रहे।

# जिले में 2238 ऑनलाइन दिव्यांग (UDID) प्रमाण पत्र जारी



## ब्लॉकवार आंकड़े जारी, दिव्यांगजनों को मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।।** दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में खैरथल-तिजारा जिले ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जिले में अब तक कुल 2238 ऑनलाइन दिव्यांग (UDID) प्रमाण पत्र बनाए जा चुके हैं। यह प्रमाण पत्र किसी भी व्यक्ति की दिव्यांगता एवं उसकी गंभीरता को प्रमाणित करने वाला एक आधिकारिक सरकारी दस्तावेज है, जिसके आधार पर विभिन्न सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

भारत में दिव्यांग प्रमाण पत्र सामान्यतः सरकारी अस्पतालों में गठित चिकित्सकीय दल द्वारा जारी किए जाते हैं। साथ ही दिव्यांगजन भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल पर फ्रेश आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं, जिनका सत्यापन CMHO कार्यालय खैरथल-तिजारा द्वारा किया जाता है।

**ब्लॉकवार जारी दिव्यांग प्रमाण पत्र**

तिजारा - 681, किशनगढ़ बास - 690, मुंडावर - 626, कोटकासिम - 241 इस प्रकार जिले में कुल 2238 UDID कार्ड बनाए गए हैं।

**दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया**

लाभार्थी अपने नजदीकी ई-मित्र केंद्र पर जाकर आधार कार्ड के माध्यम से फ्रेश ऑनलाइन आवेदन करता है। इसके पश्चात आवेदन का सत्यापन CMHO कार्यालय खैरथल-तिजारा से कराया जाता है। इसके बाद संबंधित चिकित्सा संस्थान में चिकित्सकीय दल द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जाता है। तत्पश्चात खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रमाण पत्र की ऑनलाइन एंट्री के बाद CMHO कार्यालय द्वारा UDID कार्ड जारी किया जाता है।

**आवश्यक दस्तावेज**

आधार कार्ड, फोटो, मोबाइल नंबर एवं हस्ताक्षर।

**दिव्यांग प्रमाण पत्र के लाभ**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट ने बताया कि दिव्यांगजनों के लिए UDID कार्ड एक अत्यंत आवश्यक दस्तावेज है। इसी के आधार पर उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है। इसके अंतर्गत– समाज कल्याण विभाग द्वारा नियमानुसार निशुल्क स्कूटी, राज्य सरकार द्वारा मासिक पेंशन, राजकीय बसों के किराए में छूट, रेल यात्रा में किराए में छूट जैसी सुविधाएं शामिल हैं। प्रशासन ने अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों से UDID कार्ड बनवाने की अपील की है, ताकि वे सभी सरकारी लाभों का समुचित लाभ उठा सकें।

# देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में सीपीआर प्रशिक्षण एवं ट्रैफिक सुरक्षा शपथ कार्यक्रम आयोजित




## सीपीआर के तीन मिनट के गोल्डन पीरियड में बच सकती है जान - डॉ. एस.सी. मित्तल

## हेलमेट व सीट बेल्ट जीवन रक्षक, बच्चों व स्टाफ को दिलाई शपथ - अमित भारद्वाज (एमवीआई)



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, अलवर में सोमवार को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन कार्यालय प्रादेशिक परिवहन विभाग, अलवर के निर्देशानुसार इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, अलवर के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया, अलवर शाखा के चेयरमैन गिरीश गुप्ता ने किया। उन्होंने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था देशभर में सीपीआर व लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण, रक्तदान शिविर, निःशुल्क चिकित्सा जांच, दवा वितरण, आपदा प्रबंधन तथा 'डॉक्टर आपके द्वार' जैसी सेवाओं के माध्यम से हजारों जरूरतमंदों को लाभान्वित कर रही है। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, अलवर के चेयरमैन डॉ. एस.सी. मित्तल ने कहा कि हार्ट अटैक अथवा आपात स्थिति में पहले तीन मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इस 'गोल्डन पीरियड' में सही तरीके से सीपीआर देने पर व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। सीपीआर प्रशिक्षण सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया, अलवर शाखा की चीफ ट्रेनर डॉ. कुमुद गुप्ता द्वारा दिया गया। उन्होंने डमी के माध्यम से सीपीआर की प्रायोगिक ट्रेनिंग कराई तथा बच्चों से भी अभ्यास करवाकर आपात स्थिति में त्वरित एवं सही सहायता की प्रक्रिया समझाई। इस दौरान जितेंद्र सिंह एवं छोटेलाल मीणा ने सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर अमित भारद्वाज ने सभी बच्चों व स्टाफ को हेलमेट व सीट बेल्ट के नियमित उपयोग तथा बिना लाइसेंस वाहन न चलाने की शपथ दिलाई। ट्रैफिक इंचार्ज (ग्रामीण) राजेश चौधरी ने नियमों के उल्लंघन से होने वाली दुर्घटनाओं व उनके दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए ट्रैफिक नियमों के पालन का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रिंसिपल सुनीला चौधरी ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, सेंट जॉन एम्बुलेंस टीम एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कक्षा 4 से 10 तक के बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# दूघेडा से दौसोद तक डॉ. मोहित जसवंत यादव के नेतृत्व में विकास अभियान

## क्षेत्र के गांवों में तेज हुई विकास की रफ्तार, ग्रामीणों में बढ़ा विश्वास





जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव ने सोमवार को बहरोड़ क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर विकास कार्यों की समीक्षा की और ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने न केवल चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया, बल्कि आगामी योजनाओं की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। गांव-गांव जनसंपर्क के दौरान विकास घोषणाओं से ग्रामीणों में उत्साह और सकारात्मक माहौल देखने को मिला। डॉ. मोहित ने दूघेडा गांव पहुंचकर अमर शहीद लांसनायक राजेंद्र कुमार यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही प्रधान कोटे से निर्मित विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों से संवाद के दौरान उन्होंने विधायक कोटे से 10 लाख रुपये की विकास राशि की घोषणा की, जिससे गांव में आगामी कार्यों को गति मिलेगी। इसके पश्चात डवानी गांव में नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन किया गया। सड़क निर्माण से आवागमन सुगम होने के साथ ग्रामीण जीवन में सुविधाएं बढ़ेंगी। यहां बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव की अनुशंसा पर विधायक कोटे से 15 लाख रुपये की अतिरिक्त विकास राशि की घोषणा की गई। वहीं दौसोद गांव में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं और सुझाव सुने गए तथा सड़क निर्माण के लिए एमएलए कोटे से 4 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर डॉ. मोहित जसवंत यादव ने कहा कि प्रत्येक गांव में ठोस और परिणामकारी विकास उनकी प्राथमिकता है। गांवों की जरूरतों को समझते हुए योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सुझावों के आधार पर आगे भी विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। दौरे के दौरान ग्रामीणों ने विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए भरोसा जताया कि घोषित योजनाओं से क्षेत्र की आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी। कार्यक्रम में सरोज बस्तीराम यादव प्रधान, एडवोकेट प्रशान्त यादव मंडल अध्यक्ष बहरोड़, राजेश फौजी मंडल अध्यक्ष बर्डोद, महेश शर्मा आईएएस, मनोज यादव जिला पार्षद, विभिन्न सरपंच, पूर्व सरपंच, मंडल पदाधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कहानी

### देवी लक्ष्मी कहां विराजमान रहती है ?

एक दिन धर्मराज युधिष्ठिर ने पितामह भीष्म से पूछा, "पितामह ! क्या करने से मनुष्य के दु:खों का नाश होता है ? कोई मनुष्य दु:खी होनेवाला है अथवा सुखी होनेवाला है, यह कैसे समझ सकते हैं ? किसका भविष्य उज्ज्वल होगा और किसका पतन होगा यह कैसे पता चल सकता है ? पितामह भिष्म ने कहां, "पुत्र इस विषय में एक प्राचीन कथा तुम्हे सुनाता हूं।

एक बार इन्द्रदेव और वरुणदेव सूर्य की पहली किरण निकलने से पहले ही एक नदी के तट पर पहुंचे और उन्होंने देखा की देवर्षि नारद भी वहां आए हैं । देवर्षि नारदजी ने नदी में स्नान किया और मन ही मन में जप करते-करते सूर्य नारायण को अर्घ्य दिया । देवराज इंद्र ने भी ऐसा ही किया । इतने में सूर्य नारायण की कोमल किरणें उभरने लगी और एक कमल पर दैदीप्यमान प्रकाश छा गया । इंद्र और नारदजी ने उस प्रकाशपुंज की ओर गौर से देखा तो उसमे मां लक्ष्मीजी प्रकट हुई थीं । दोनों ने मां लक्ष्मी को अभिवादन किया । देवी लक्ष्मी से पूछा, "मां ! समुद्रमंथन के बाद आप प्रकट हुई थी। लोग आपको पूजते है । हे मातेश्वरी ! आप ही बताइए कि आप किस पर प्रसन्न होती हैं ? किसके घर में आप स्थिर रहती हैं? और किसके घर से आप विदा हो जाती है ? आपकी संपदा किसे मोहित करके संसार में भटकाती है ? और किसे असली संपदा भगवान नारायण से मिलाती है ?"

देवी लक्ष्मीजी ने कहा, "देवर्षि नारद और देवेन्द्र ! आप दोनों ने लोगों की भलाई के लिए, मानव-समाज के हित के लिए प्रश्न किया है । इसलिए सुनो । पहले मैं उनके पास रहती थी, जो पुरुषार्थी थे, सत्य बोलते थे, वचन के पक्के थे अर्थात बोलकर मुकरते नहीं थे । कर्तव्यपालन में दृढ थे । अतिथि का सत्कार करते थे । निर्दोषों को सताते नहीं थे । सज्जनों का आदर करते थे और दुष्टों से लोहा लेते थे । जबसे उनके सद्गुण दुर्गुणों में बदलने लगे, तबसे मैं आपकेपास देवलोक में आने लगी ।

समझदार लोग उद्योग से मुझे प्राप्त करते हैं। निर्धनों को धन दान कर मेरा अर्थात लक्ष्मी का विस्तार करते हैं। संयम से मुझे स्थिर बनाते हैं और अच्छे काम के लिए मेरा उपयोग कर ईश्वरप्राप्ती के लिए प्रयत्न करते हैं। जो सूर्योदय से पहले स्नान करते है, सत्य बोलते है, वचन में दृढ रहते है, कर्तव्यपालन करते है, बिना कारण किसी को दंड नहीं देते, जहां उद्योग, साहस, धैर्य और बुद्धि का विकास होता है और ईश्वर की प्राप्ती के लिए प्रयास करते है, वहां मैं निवास करती हूं । जो लोग सरल स्वभाव के होते है, किसी को हानी नहीं पहुंचाते, दृढ भक्ति करते है, मृदुभाषी होते है, नम्र होते है, जिनमें विवेक होता है, तत्परता यह सद्गुण जिस घर के व्यक्तियों में है, वहां मैं निवास करती हूं ।

जो सुबह झाड़ू-बुहारी करके घर को स्वच्छ रखते है, ईश्वर को अच्छा लगे ऐसा आचरण करते है, तथा जिनकी प्रत्येक कृति से अन्यों को आनंद मिलता हो, ऐसे लोगों के घर ही लक्ष्मीदेवी को रहना अच्छा लगता है ।

जो लक्ष्मी को स्थिर रखना चाहते है, उन्हे रात्रि को घर में झाड़ू-बुहारी नहीं करनी चाहिए । हे देवेन्द्र ! जिनमें अहंकार नहीं है, उन पर मैं सदा प्रसन्न रहती हूं । उनके जीवन में भाग्यलक्ष्मी के रूप में विराजती हूं ।" स्वयं देवी लक्ष्मी से यह बातें ज्ञात होने पर देवर्षि इंद्रदेव ने देवी महालक्ष्मी के चरणों मे कृतज्ञता व्यक्त की ।

लक्ष्मीपूजन के दिन ही भगवान श्री विष्णुजीने देवी लक्ष्मीजी सहित सर्व देवताओं को राजा बली के बंदीगृह से मुक्त किया था । आज पूजन के समय एक चौकीपर अक्षतों का स्वस्तिक बनाते है । उसपर लक्ष्मीजी एवं कुबेर की प्रतिमा रखते है । लक्ष्मीजी को धनिया, गुड, खील-बताशे का भोग लगाते है । धनिया धनवाचक है तथा खील समृद्धि का प्रतीक है । 'उस रात लक्ष्मीजी सर्वत्र संचार कर स्वयं के निवास योग्य स्थान खोजती हैं', ऐसा पुराणों में बताया गया है । उन्हें कहां रहना अच्छा लगता है ?, इसकी कथा अभी,हमने सुनी ही है ।

*इसलिए बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करते हैं। वास्तव में हर भारतीय माता-पिता चाहता है कि उनका बच्चा खूब पढ़े-लिखे। इसके लिए वे अपने सभी संसाधन दांव पर लगा देते हैं। कई बार तो अपना खेत तक बेच देते हैं। कर्ज भी लेना पड़े तो उसकी जिम्मेदारी खुद ही उठाते हैं। कुछ साल पहले जिनेवा में काम करने वाले एक ऐसे अमेरिकी से मिली थी, जो पचास साल से अधिक था, लेकिन अभी तक शिक्षा के लिए कर्ज को चुका रहा था। उसका कहना था कि वह इतने पैसे नहीं कमाता कि परिवार का बोझ भी उठा सके और शिक्षा के लिए जो कर्ज लिया था, उसकी किस्त भी हर महीने भर सके। अमेरिका में आमतौर पर दस से लेकर तीस वर्ष तक कर्ज की किस्तें भरनी पड़ती हैं। वहां कहा जाता है कि एक बार कर्ज के चक्कर में फंसे तो जीवन भर उसी में फंसे रहते हैं। कर्ज चुकाने में अधिक वर्ष लगने का आशय अधिक ब्याज चुकाना भी है। कल्पना करना कठिन नहीं कि क्यों अमेरिका में बहुत से बच्चे स्कूली शिक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ देते हैं, क्योंकि उच्च शिक्षा के संसाधन जुटाना उनके वश का नहीं होता। इसलिए बहुत से युवा किसी न किसी काम में लग जाते हैं। जिस शिक्षा के बारे में कहा जाता है कि वह हर एक के लिए उपलब्ध होनी चाहिए, वास्तव में ऐसा है नहीं। इन दिनों कृत्रिम मेधा यानी एआइ के आने के डर से अमेरिका में भी रोजगार के मौके लगातार कम हो रहे हैं। वहां बड़ी-बड़ी कंपनियां हजारों की संख्या में लोगों को नौकरी से निकाल रही हैं। इनमें से जो लोग अमेरिकी नागरिक नहीं हैं, वे रोजगार के लिए लगने वाले मेलों में अपना सीवी लेकर जा रहे हैं, तो उनसे पहला सवाल यही पूछा जा रहा है कि वे अमेरिकी नागरिक हैं या नहीं? न कहते ही उनका सीवी बिना देखे लौटा दिया जा रहा है। इनमें से अधिकांश वे लोग हैं, जो अमेरिका में ही पढ़े हैं। इनमें से बहुतों ने पढ़ने के लिए कर्ज भी लिया होगा। जब वहां रोजगार ही नहीं होगा, तो छात्र कर्ज की किस्तें कहां से चुकाएंगे? लगता है वहां जल्दी ही वह समय आएगा, जब बच्चे उच्च शिक्षा इसलिए लेना बंद कर देंगे, क्योंकि नौकरी की कोई गारंटी नहीं होगी। ऐसे में तब उन विश्वविद्यालयों का क्या होगा, जो मशहूर होने के नाम पर इतराते हैं और छात्रों से भारी-भरकम फीस वसूलते हैं। जब वहां छात्र पढ़ने ही नहीं आएंगे, तो वे कर्ज भी नहीं लेंगे। तब जाहिर है कि वे कंपनियां भी खत्म हो जाएंगी, जो कर्ज देती हैं।*

*अमेरिका के विपरीत भारतीय लोगों में परिवार के प्रति जो आस्था है, वह बेमिसाल है। यहां आज भी बहुत से परिवारों में तीन पीढ़ियां एक साथ रहती मिल जाएंगी। जबकि अमेरिका में यह संभव नहीं है। न केवल अमेरिका, बल्कि अनेक पश्चिमी देशों में यही हाल है। वहां अकेलेपन को एक गुलाबी तस्वीर की तरह प्रस्तुत किया जाता है। वहां बच्चे अकेले रहते हैं। बुढ़ापे में माता-पिता और दादा-दादी भी अकेले ही रहते हैं।*

# विश्व को अस्थिर करता अमेरिका



अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून को धता बताकर वेनेजुएला पर अमेरिका के हमले और वहां के राष्ट्रपति के अपहरण की चर्चा अभी समाप्त भी नहीं हुई थी कि डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने का एलान कर दिया। हालांकि ग्रीनलैंड को हासिल करने की बातें उन्होंने पहले भी की थीं, लेकिन तब अंतरराष्ट्रीय समुदाय और विशेष रूप से यूरोप ने उनकी बातों को हल्के में लिया था, लेकिन अब उनकी चिंता बढ़ रही है, क्योंकि ट्रंप डेनमार्क के इस स्वायत्तशासी क्षेत्र पर हर हाल में कब्जे के इरादे जता रहे हैं। इस कारण सैन्य संगठन नाटो में शामिल कुछ यूरोपीय देश अपने सैनिकों को ग्रीनलैंड भेज रहे हैं। ग्रीनलैंड के साथ डेनमार्क के नेताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि वे ट्रंप के इरादों को पूरा नहीं होने देंगे, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति किसी की नहीं सुन रहे हैं। वे नाटो का अंत होने की डेनमार्क की चेतावनी का उपहास उड़ाकर कह रहे हैं कि यदि आज से पांच सौ साल पहले डेनमार्क की कोई नौका ग्रीनलैंड पहुंची तो इसका यह अर्थ नहीं कि वह उसका हो गया। ग्रीनलैंड का क्षेत्रफल भारत के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत है। यह विश्व का सबसे बड़ा द्वीप है। यहां तेल, गैस और दुर्लभ खनिज के भंडार हैं। यहां की बर्फ पिघलने के कारण इन संसाधनों के दोहन की संभावनाएं बढ़ रही हैं। जाहिर है कि इन पर ट्रंप की भी निगाह है। इसके अलावा इस द्वीप का सामरिक महत्व भी है। चूंकि ग्रीनलैंड के साथ उसके आसपास की भी बर्फ पिघल रही है, इसलिए समुद्री रास्तों से वहां तक रूस और चीन की पहुंच आसान हो रही है। इसी कारण ट्रंप कह रहे हैं कि ग्रीनलैंड पर रूस और चीन की निगाह है। हालांकि अतीत में भी अमेरिका के राष्ट्रपतियों ने ग्रीनलैंड को अपना हिस्सा बनाने की बातें की थीं, पर वे कभी इस दिशा आगे नहीं बढ़े। हां, एक समझौते के तहत 1951 में अमेरिका ने ग्रीनलैंड में अपना सैन्य अड्डा कायम कर लिया। यह अभी भी है। ट्रंप का तर्क है कि रूस और चीन का ग्रीनलैंड पर वर्चस्व कायम हो, इसके पहले अमेरिका को उसे अपना हिस्सा बना लेना चाहिए। रूस का कहना है कि ट्रंप अकारण यह कह रहे हैं कि वह ग्रीनलैंड पर कब्जा करना चाहता है। जो भी हो, आज यह नहीं कहा जा सकता कि रूस या फिर चीन अमेरिका को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने से रोक सकेंगे। इसका कारण यह है कि यूरोपीय देश रूस की मदद लेने को तो बिल्कुल भी तैयार नहीं होंगे, क्योंकि वह पहले से ही उनकी सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध ने यूरोपीय देशों को सशंकित कर रखा है। ऐसे में यदि ट्रंप ग्रीनलैंड पर सच में कब्जा करने की दिशा में आगे बढ़ें तो हैरानी नहीं। डेनमार्क और यूरोपीय देशों के विरोध के बावजूद एक चिंताजनक तथ्य यह है कि अमेरिका में कई सांसद ट्रंप के इस विचार से सहमत हैं कि ग्रीनलैंड को वैसे ही अमेरिका का हिस्सा बनाना चाहिए, जैसे अलास्का को बनाया गया था। कहना कठिन है कि आगे क्या स्थितियां बनेंगी, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप के रवैये से यूरोप के साथ-साथ शेष विश्व भी चिंतित है। ट्रंप केवल ग्रीनलैंड में ही कब्जा करने के लिए उतावले नहीं दिख रहे हैं। वे ईरान में भी सैन्य हस्तक्षेप करने के संकेत दे रहे हैं। हालांकि पिछले दिनों उन्होंने यह कहा कि फिलहाल ईरान में दखल देने की जरूरत नहीं, लेकिन उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं की ईरान की कट्टरपंथी इस्लामी सत्ता उन्हें स्वीकार नहीं। वास्तव में अमेरिका को वह कोई भी देश रास नहीं आता, जो उसके इशारे पर न चले। अमेरिका ने इस आधार पर ईरान पर तमाम प्रतिबंध लगा रखे हैं कि वह परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। इन प्रतिबंधों के कारण ही ईरान आर्थिक संकट से घिरा और उसके चलते वहां लोग सड़कों पर उतर आए। ईरानी सत्ता अपने लोगों की बात सुनने के बजाय उनकी आवाज सख्ती से दबा रही है। इसके चलते वहां सैकड़ों लोग मारे गए हैं। ट्रंप ईरान की उथल-पुथल का लाभ उठाने की कोशिश में दिखते हैं। वे कह रहे हैं कि ईरान के लोग अपना विरोध जारी रखें। ईरान के प्रति ट्रंप के आक्रामक रवैये पर रूस और चीन तो आपत्ति जता रहे हैं, लेकिन यूरोपीय देश ढुलमुल रवैया अपनाए हुए हैं। ट्रंप की ईरान के तेल भंडारों पर भी निगाह है और वे यह नहीं चाहते कि वह अपना तेल व्यापार डॉलर के अलावा अन्य मुद्राओं में करे और इस तरह डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती दे। इसके चलते आशंका यही है कि ट्रंप मौका देखकर ईरान में लोकतंत्र बहाली की आड़ में वहां तख्तापलट की कोशिश कर सकते हैं। इसमें ईरान के आखिरी शाह के बेटे रजा पहलवी मददगार हो सकते हैं, जो निर्वासित होकर अमेरिका में रह रहे हैं। उनका कहना है कि वे ईरान लौटेंगे। यदि ट्रंप ने ईरान में हस्तक्षेप किया तो यह देश वैसी ही अस्थिरता से घिर सकता है, जैसे इराक घिर गया था। ध्यान रहे इराक को भी अमेरिका ने मूलतः उसके तेल भंडारों के कारण ही निशाना बनाया था। ट्रंप ईरान के साथ उसके सहयोगियों का भी संकट बढ़ा ही रहे हैं। उन्होंने कहा है कि जो भी देश उससे व्यापार करेंगे, उस पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। ईरान से व्यापार करने वाले प्रमुख देशों में चीन, रूस, संयुक्त अरब अमीरात और भारत हैं। साफ है कि ट्रंप के रवैये से भारत की समस्या भी बढ़ने वाली है। चूंकि ईरान में सामाजिक असंतोष के कारण अस्थिरता व्याप्त है, इसलिए ट्रंप प्रत्यक्ष न सही, परोक्ष हस्तक्षेप कर सकते हैं- ठीक वैसे ही जैसे बांग्लादेश में शेख हसीना के खिलाफ जो आंदोलन चला, उसके पीछे पश्चिमी ताकतों का हाथ था। ईरान के मामले में तो यह खुलकर सामने आ रहा है कि अमेरिका वहां अशांति बढ़ा रहा है।

## सम्पादकीय


### बीएमसी चुनाव में भाजपा बनी सबसे बड़ी पार्टी



बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) चुनाव में भाजपा नीत गठबंधन 'महायुति' ने जीत का परचम लहरा दिया है। साथ ही अविभाजित शिवसेना की लगातार ढाई दशक से चली आ रही सत्ता की विरासत को भी छीन लिया है। भाजपा इस चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जो उसके बढ़ते जनाधार का संकेत है। वहीं, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना भले हार गई, मगर वह अपनी कुछ साख बचाने में कामयाब रही है। अब सवाल यह है कि बीएमसी का नया महापौर कौन होगा और महायुति में शामिल किस दल का होगा? इसको लेकर जीत हासिल करने वाले गठबंधन के बीच जोर-आजमाइश भी शुरू हो गई है। हालांकि, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को भाजपा से काफी कम सीटों पर जीत हासिल हुई है, मगर वह महापौर की दावेदारी में बनी हुई है। सवालों और सियासत के इस क्रम में यह उम्मीद ज्यादा महत्त्वपूर्ण है कि बीएमसी की नई सत्ता मुंबई के संपूर्ण विकास के नए द्वार खोलेगी। बीएमसी को देश का सबसे अमीर निगम माना जाता है। इसकी सबसे बड़ी वजह है इसका बजट, जो देश के कई छोटे राज्यों के बजट से कहीं ज्यादा होता है। यही कारण है कि बीएमसी चुनाव की सिर्फ मुंबई में ही नहीं, बल्कि देश भर में चर्चा होती है। पिछले 25 वर्षों से बीएमसी में अविभाजित शिवसेना की सत्ता रही है। मगर, इस बार के चुनाव में भाजपा नीत महायुति ने शिवसेना के इस किले में ऐसी सेंध लगाई कि उसे सत्ता से बेदखल कर दिया। अब सवाल यह है कि बीएमसी का महापौर भाजपा का होगा या फिर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का। देखा जाए तो बीएमसी चुनाव में भाजपा ने सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं और इस लिहाज से महापौर के लिए उसकी दावेदारी सबसे ऊपर है। मगर शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने इस पर अभी तक अपनी पार्टी का रुख स्पष्ट नहीं किया है। अब ऐसी भी खबरें आई हैं कि शिवसेना महापौर का पद पाने के लिए भाजपा पर दबाव बना सकती है। दरअसल, भाजपा ने भले ही बीएमसी चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं, लेकिन आंकड़ों की लिहाज से शिवसेना (शिंदे) के बिना उसका सत्ता में आना मुश्किल है। इस सियासी गणित के जरिए एकनाथ शिंदे दबाव की रणनीति अपना सकते हैं। ये कयास इसलिए भी लगाए जा रहे हैं, क्योंकि शिवसेना (शिंदे) की ओर से पहले भी इस तरह के संकेत दिए जा चुके हैं कि बीएमसी में महापौर उनकी पार्टी से होना चाहिए। हालांकि, सियासी गलियारों में ये अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि भाजपा व शिवसेना बीच का रास्ता निकाल सकती हैं। मसलन, दोनों दलों को ढाई-ढाई साल तक महापौर के पद पर काबिज होने का मौका मिले। बहरहाल, उम्मीद यही की जानी चाहिए कि बीएमसी की बागडोर संभालने वाले मुंबई के विकास को रफ्तार देंगे, लोगों के हित उनकी प्राथमिकता में होंगे और बुनियादी समस्याओं को केंद्र में रखकर नई योजनाएं बनाई जाएंगी।

*नेताजी ने लिखा कि आज विजया दशमी है और आज बंगाल में लोग अपने संबंधी, मित्र और यहां तक कि अपने शत्रुओं को भी प्रेम से गले लगाते होंगे। अपने मित्र दिलीप कुमार राय को नेताजी ने 5 मार्च, 1933 को चिट्ठी लिखा कि मैं शिव, काली और कृष्ण भक्ति के द्वंद्व में उलझा हुआ हूं। मैं यह मानता हूं कि ईश्वर एक है लेकिन ईश्वरीय पूजन विधि एवं परम्परा में भिन्नता भी है। उन्होंने लिखा कि शिव और शक्ति की आस्था के बीच झूल रहा हूं क्योंकि शिव आदि योगी हैं और काली जगन्माता हैं। नेताजी ने आगे लिखा कि पिछले चार-पांच वर्षों से मैं मंत्रशक्ति पर अत्यधिक विश्वास करने लगा हूं। मैंने अनुभव किया है कि मंत्रोच्चार में कुछ अलग शक्ति है और इससे एकाग्रता प्राप्त करने में सहायता मिलती है। उन्होंने आगे लिखा कि खास मंत्र के लगातार उच्चारण से मस्तिष्क के खास भाग ऊर्जान्वित होते हैं। लेकिन मेरा झुकाव कभी शाक्त,*


# टकराव की ओर अमेरिका-यूरोप



वेनेजुएला पर हमला करके उसके राष्ट्रपति मादुरो को पत्नी समेत अगवा करा लेने के बाद से राष्ट्रपति ट्रंप ने डेनमार्क के स्वायत्त द्वीप ग्रीनलैंड को छीनने की मुहिम तेज कर रखी है। ग्रीनलैंड दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप है जो कनाडा और यूरोप के बीच उत्तरी अटलांटिक महासागर में फैला है। उत्तरी ध्रुव से सटा होने के कारण तटवर्ती पट्टियों को छोड़कर इसका 80 प्रतिशत से अधिक भूभाग बर्फ की एक से तीन किमी मोटी परत से ढका रहता है। दक्षिणी ध्रुव के बाद सबसे अधिक बर्फ ग्रीनलैंड की इस परत में ही जमा है जो जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघल कर किनारों की तरफ खिसक रही है। ग्रीनलैंड के साथ-साथ उत्तरी ध्रुव सागर की बर्फ भी तेजी से पिघल रही है जिसकी वजह से समुद्री यातायात के नए जलमार्ग खुल रहे हैं जो रूस, चीन और जापान से उत्तरी अमेरिका और यूरोप की दूरी को बहुत कम कर देते हैं। उत्तरी ध्रुव सागर से ग्रीनलैंड सागर होते हुए उत्तरी अटलांटिक महासागर में खुलने वाले इन मार्गों का प्रयोग करने के लिए रूस और चीन अपने विशेष युद्धपोतों और पनडुब्बियों का विकास कर रहे हैं ताकि वहां अपना वर्चस्व कायम कर सकें। इस जलमार्ग पर स्थित होने के कारण ग्रीनलैंड का भूराजनीतिक और सामरिक महत्व हमेशा से रहा है। दूसरे महायुद्ध में उसने हिटलर के युद्धपोतों और पनडुब्बियों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। युद्ध के बाद राष्ट्रपति ट्रूमैन ने इसे 10 करोड़ डॉलर के सोने से खरीदने का प्रयास किया, पर बात नहीं बनी। उसके बाद 1951 में डेनमार्क ने अमेरिका को ग्रीनलैंड की रक्षा में विशेष भूमिका देते हुए सैनिक अड्डे बनाने का अधिकार दे दिया था। इसके अलावा ग्रीनलैंड में तेल, गैस और उन दुर्लभ खनिजों के भंडार भी हैं जो इलेक्ट्रॉनिक और रक्षा उपकरणों और स्वच्छ ऊर्जा की बैटरियों के लिए आवश्यक होते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि उत्तरी ध्रुव और उत्तरी अटलांटिक महासागर में रूस और चीन के बढ़ते खतरे को देखते हुए ग्रीनलैंड पर अमेरिका का स्वामित्व होना आवश्यक है। इसके बिना न ग्रीनलैंड अपनी रक्षा कर पाएगा और न वे उसकी रक्षा कर सकेंगे। इसलिए सीधे या टेढ़े रास्ते से वे उसे लेकर रहेंगे। उन्होंने भी ग्रीनलैंड को खरीदने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन डेनमार्क और ग्रीनलैंड ने कहा उनका देश बिकाऊ नहीं है। डेनमार्क अमेरिका का दो सौ साल पुराना दोस्त है और स्थापना के समय से ही नाटो का सदस्य रहा है।

उसने कोई 300 वर्ष पहले ग्रीनलैंड को अपना उपनिवेश बनाया था, परंतु 1979 के बाद से ग्रीनलैंड पूरी तरह स्वायत्त है। केवल विदेश नीति और रक्षा डेनमार्क संभालता है, क्योंकि ग्रीनलैंड के पास अपनी सेना नहीं है। उसके सभी 56 हजार इन्युइट आदिवासियों को डेनिश नागरिकता प्राप्त है। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नील्सन का कहना है कि यदि उन्हें अमेरिका और डेनमार्क में से एक को चुनना पड़ा तो वे डेनमार्क में रहना पसंद करेंगे। संयुक्त राष्ट्र चार्टर या कोई भी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था किसी भी महाशक्ति को किसी दूसरे देश की संप्रभुता जबरन छीनने का अधिकार नहीं देती, लेकिन हाल के एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा, 'उन्हें अंतरराष्ट्रीय कानून की जरूरत नहीं है।' सवाल यह है कि यदि ट्रंप सहयोग करने और सुविधाएं देने के लिए तैयार एक संप्रभु मित्र देश को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जबरन हथियाना आवश्यक और वैध मानते हैं तो उनमें और पुतिन में क्या फर्क है? बल्कि पुतिन तो उनकी तुलना में नेक काम कर रहे हैं, क्योंकि उनके शब्दों में, उनकी सैनिक कार्रवाई तो 'यूक्रेन से नात्सीवादी ताकतों का सफाया कर नाटो की बढ़त को रोकने के लिए है।'

# बीएमसी में खींचतान




एकनाथ शिंदे ने बृहन्मुंबई महानगर पालिका यानी बीएमसी चुनाव में जीते अपने पार्षदों को जिस तरह एक होटल भेज दिया, उसका औचित्य समझना कठिन है। आखिर एकनाथ शिंदे के पार्षदों को किससे खतरा है? क्या उनके पार्षदों के टूटने की आशंका है या फिर वे भाजपा के मेयर को समर्थन देने की कोई कीमत वसूलना चाहते हैं? कारण जो भी हो, यह किसी से छिपा नहीं कि भाजपा और उसकी सहयोगी शिवसेना के बीच खटपट चलती ही रहती है। विधानसभा चुनावों के बाद भी दोनों दलों के बीच खींचतान देखने को मिली थी। इसके बाद विभागों के बंटवारे को लेकर भी दोनों दलों के बीच मतभेद सामने आए थे। शिंदे शिवसेना की मानें तो उनके पार्षदों को पार्षद के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए होटल में एकत्रित किया गया है, लेकिन इस तर्क में कोई बहुत नहीं दिखता और इसीलिए विपक्षी दल उस पर कटाक्ष करने में लगे हुए हैं। उन्हें कटाक्ष का यह अवसर शिंदे शिवसेना ने स्वयं ही उपलब्ध कराया है। समझना कठिन है कि जब उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना राज्य की सत्ता में साझेदार है और उसने बीएमसी के साथ महाराष्ट्र के अन्य निकाय चुनाव भाजपा के साथ मिलकर लड़े थे, तब फिर अपने पार्षदों को एकत्रित क्यों कर रही है? यह देखना दयनीय है कि जब दोनों दलों के पार्षदों को मुंबई की सूरत संवारने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए, तब उनके बीच अविश्वास देखने को मिल रहा है। हैरानी नहीं कि शिंदे शिवसेना के पार्षदों ने इसलिए होटल में डेरा जमाया हो, ताकि वे बीएमसी में मलाईदार पद हासिल कर सकें। जो भी हो, दोनों दलों के बीच का अविश्वास बीएमसी की उनकी शानदार जीत को मलिन ही कर रहा है। यह निराशाजनक है कि राजनीतिक दल नगर निकाय के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए तो हरसंभव जतन करते हैं, लेकिन नगरों की दशा-दिशा बदलने की ईमानदारी से कोई कोशिश करते नहीं दिखते। राजनीतिक दलों के इसी रवैये के कारण देश के छोटे-बड़े शहर दुर्दशा से ग्रस्त हैं। चिंताजनक यह है कि उनकी दुर्दशा बढ़ती चली जा रही है। मुंबई सरीखे जिन महानगरों को नगरीय ढांचे में सुधार करके कोई मिसाल कायम करनी चाहिए, वे इसमें बुरी तरह नाकाम सिद्ध हो रहे हैं।

# मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस का विरोध, चोहटन व बाड़मेर में सौपे ज्ञापन

### कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता हरीश चौधरी, सांसद बेनीवाल व जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में कांग्रेस नेताओं व ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स



**रावतसर(निस)।** राजस्थान में चल रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की आड़ में सत्यापित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के गंभीर मामले सामने आए हैं। इस संबंध में सोमवार को मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी व बायतु विधायक हरीश चौधरी, सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह गोदारा, पूर्व मंत्री गफूर अहमद, पूर्व विधायक पदमाराम मेघवाल की मौजूदगी में जिला कलेक्टर टीना डाबी को बाड़मेर व रिटर्निंग अधिकारी, उपखंड चोहटन को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि इस SIR को लेकर कई आपत्तियां आई जिसमें BLA - 2 ने परिपत्र 7 भरा ही नहीं ओर इसमें फर्जी हस्ताक्षर किए गए है, जिन्होंने यह कृत्य किया उनके खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई तक नहीं हुई जिसको लेकर कई संदेह है। इस मौक़े पर हरीश चौधरी ने कहा कि SIR प्रक्रिया में सत्यापित मतदाता होने के बावजूद फॉर्म-07 के माध्यम से बिना संबंधित मतदाता को सूचना दिए तथा आवश्यक दस्तावेजों की समुचित जांच किए बिना नाम विलोपित किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह साजिश प्रत्येक पंचायत स्तर पर चल रही है, जिससे आम नागरिकों के संवैधानिक मताधिकार को प्रभावित किया जा रहा है। हरीश चौधरी ने बताया कि कुछ मामलों में निरक्षर महिलाओं के कथित तौर पर झूठे हस्ताक्षर कराए जाने, पति-पत्नी के नाम अलग-अलग काटे जाने तथा सत्यापित मतदाताओं को अन्यत्र स्थानांतरित दर्शाने जैसी गंभीर शिकायतें भी सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में योजनाबद्ध तरीके से मतदाताओं के नाम सूची से हटाने के लिए आवेदन दिए जाने और इस संबंध में दबाव बनाए जाने की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिन बीएलए-2 के नाम व हस्ताक्षर से फॉर्म-07 भरे जा रहे हैं, उन्हें स्वयं इसकी जानकारी तक नहीं है, बल्कि भाजपा से जुड़े कुछ बीएलए-2 ने व्यक्तिगत रूप से मिलकर इस कथित षड्यंत्र की जानकारी दी है। इस मुद्दे को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर बाड़मेर से भी मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराया। ज्ञापन में फॉर्म-07 के माध्यम से प्रस्तुत सभी आपत्तियों की विशेष व निष्पक्ष जांच कराने, सत्यापन के बाद मतदाता सूची से नाम काटने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने तथा दोषी व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की गई। हरीश चौधरी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि धीरे-धीरे देश की प्रत्येक संस्था को कमजोर किया जा रहा है और चुनाव आयोग से अपेक्षा है कि वह इस गंभीर मामले में संज्ञान लेकर लोकतंत्र की रक्षा सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों को ताक पर रखकर सरकार व चुनाव आयोग एक तरफ़ा कार्यवाही कर रहे हैं जो लोकतांत्रिक व्यवस्था में कतई स्वीकार्य नहीं है। इस दौरान सांसद उम्मेदा राम बेनीवाल ने कहा कि स्ढ्ढक्र के नाम पर भोले भाले लोगों के नाम फर्जी तरीके से हटाकर लोगों को मतदान से वंचित करने की भाजपा की बुरी मंशा के विरुद्ध बाड़मेर जिले के सेड़वा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लोगों के नाम काटे जाने को लेकर विशाल जनसमूह की उपस्थिति में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज करवाया। इसी तरह जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह गोदारा ने बताया कि भाजपा सरकार के दबाव में प्रशासन द्वारा मतदाता सूचियों से बिना वजह लोगों के नाम काटना लोकतंत्र पर हमला है। संविधान ने सभी वर्गों के लोगों को वोट देने का अधिकार दिया है, जिसे इस प्रकार से छीना जा रहा है। यह जनता के अधिकारों के साथ खिलवाड़ है, हम इसके खिलाफ आवाज को सदैव बुलंद रखेंगे। इस दौरान पूर्व राज्य मंत्री गफूर अहमद, पीसीसी सदस्य ठाकराराम माली, सेड़वा प्रधान रमेश भील, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चौहटन तिलोक पोटलिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सेड़वा दीन मोहम्मद, धनाऊ उप-प्रधान शूजा मोहम्मद, सेड़वा उप-प्रधान रूगनाथ राम विश्नोई, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव नवाज दर्श, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव किशन कागा समेत सैकड़ों ग्रामीणों के साथ उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा तथा मामले की सम्पूर्ण जांच की मांग की।

## सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर एनएसएस शिविर में दिया जागरूकता का संदेश



जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** रूकमणी देवी रामदेव लढ़ा राजकीय महाविद्यालय, नावां में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पाँचवे दिन बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक आचार्य गुमानाराम ने सड़क सुरक्षा जागरूकता विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन केवल व्यक्तिगत सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने की अपील की। प्राचार्य डॉ. वन्दना चौधरी ने भी अपने संबोधन में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता को अत्यंत आवश्यक बताते हुए सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने पर जोर दिया। शिविर के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों की ओर से श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश चौधरी व डॉ. विजय कुमार बंशीवाल, जिला समन्वयक डॉ. गजेन्द्र कुमार जागिड़, डॉ. मोना अग्रवाल, स्नेहा कीलका, डॉ. मुकेश आहुजा सहित महाविद्यालय स्टाफ व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## उप जिला प्रमुख मोहन डागरने की प्रभावी पैरवी

### नार्थ रिंग रोड प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए कलक्टर को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जयपुर कलेक्ट्रेट कार्यालय में उप जिलाप्रमुख मोहन डागर के नेतृत्व में किसानों ने जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी से मुलाक़ात कर नार्थ रिंग रोड को लेकर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए लिखित में सौंपा ज्ञापन। किसानों ने बताया कि हमारे लिए खेती - किसानी ही एक मात्र आजीविका का साधन है, छः लेन की सड़क के लिए अधिग्रहण करने पर उसका मुआवजा भी राष्ट्रीय राजमार्ग की दर से जारी करने व जिन किसानों के पक्के मकान अवाप्त भूमि में आ रहे है, उनको केंद्रीय भूमि अधिग्रहण 2013 के अनुसार मुआवजा दिया जाए। इन मुख्य मांगो को लेकर किसानों ने ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर किसान नेता नानुराम निठारवाल, आनन्द चौधरी, रामचंद्र गुर्जर, सीताराम मीणा, नरेन्द्र चौधरी, दीपक डागर, शिवराज उदय सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मोहब्बतपुरा में एक दिवसीय ऊंट स्वास्थ्य शिविर आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** जयपुर पशुपालन विभाग की पहल पर ग्राम पंचायत मोहब्बतपुरा, रेनवाल मांझी कस्बे में एक दिवसीय ऊंट स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग जयपुर के निर्देशन में हुए इस शिविर में क्षेत्र के ऊंटों की स्वास्थ्य जांच की गई और विभिन्न रोगों का निदान व उपचार किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ऊंटों में फैलने वाले घातक सर्रा रोग की रोकथाम था। विभागीय टीम ने बड़ी संख्या में ऊंटों को टीके लगाए। बीमार ऊंटों को मौके पर ही दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। पशुपालकों को ऊंटों की नियमित जांच, समय पर टीकाकरण, साफ-सफाई, पोषणयुक्त चारा, पानी की उपलब्धता और मौसम के अनुसार देखभाल के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि सर्रा रोग का समय पर उपचार न मिलने पर यह ऊंटों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इस प्रकार के शिविर पशुधन संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। शिविर के दौरान पशुपालकों की शंकाओं का समाधान किया गया और उन्हें बीमारियों के शुरूआती लक्षण पहचानने की जानकारी भी दी गई। शिविर को सफल बनाने में पशुपालन विभाग के चिकित्सकों व कर्मचारियों का अहम योगदान रहा। टीम में डॉ. चित्रा, डॉ. गिरीश जोशी, धर्मराज बैरवा, शीशराम भाकर, सर्वेश कुमार शर्मा, सहज करण, रामपाल वर्मा, रमेश मीणा, कमलेश कुमार चौधरी, अनीशा, सुमन, पूजा यादव, मयंक खंडेलवाल, हेमराज बेरवा व संतरा चौधरी सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम की कार्रवाई

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार व पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की ओर से नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में एसएमएस, ट्रोमा सेन्टर, बागड़, जे.के.लोन हॉस्पिटल, लाल कोठी सब्जी मण्डी, कैलाश टावर टोक रोड़, नारायण सिंह सर्किल, बिरला मन्दिर व झालाना डिप्पो से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 20 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 16 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में एसएमएस, ट्रोमा सेन्टर, बागड़, जे.के.लोन हॉस्पिटल, लाल कोठी सब्जी मण्डी, कैलाश टावर टोक रोड़, नारायण सिंह सर्किल, बिरला मन्दिर व झालाना डिप्पो से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया।

## मोबाइल की लत छुड़ाने को लेकर कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स



**पावटा(निस)।** कस्बे में स्थित किड्स गार्डन एआई स्कूल में विद्यार्थियों व अभिभावकों में मोबाइल देखने की बढ़ती लत को दूर करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला एनएस-एचआरडी समिति के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों व विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य संदीप कुमार जैन की ओर से अभिभावकों व अतिथियों के स्वागत व अभिनंदन के साथ की गई। कार्यशाला में विद्यालय के निदेशक कमल सिंह यादव ने मोबाइल की लत, उसके दुष्प्रभाव व समाधान पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोबाइल एक वैज्ञानिक उपकरण है, जिसके सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हैं। जहां मोबाइल उपयोगी साधन है, वहीं आज यह एक गंभीर लत का रूप ले चुका है, विशेषकर विद्यार्थियों के लिए यह चिंता का विषय बन गया है।कमल सिंह यादव ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को इस लत से दूर रखने के लिए माता-पिता की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वे सकारात्मक आदतें अपनाएं और बच्चों के मोबाइल उपयोग पर नियंत्रण रखें। लगभग दो घंटे चली इस कार्यशाला में मोबाइल के प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई और व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर नोट्स गुरुजी संस्थान से योगेश टांक व उनके सहयोगी अशोक ने मोबाइल सॉफ्टवेयर से संबंधित विभिन्न उपयोगी टिप्स साझा किए, जिससे अभिभावक बच्चों के मोबाइल उपयोग को सीमित व सुरक्षित बना सकें। कार्यशाला के दौरान अभिभावकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और सभी ने मिलकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था सदस्य व बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात, विद्यार्थियों में जागी नई चेतना

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला व सत्र न्यायाधीश भंवर लाल बुगालिया व तालुका विधिक सेवा समिति सांभरलेक के अध्यक्ष अपर जिला व सत्र न्यायाधीश अरविन्द कुमार जांगिड़ के मार्गदर्शन में पी.एम. श्री सेठ सूरजमल अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, फुलेरा में मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पैरा लीगल वोलेंटियर शंकर लाल छंदवाल ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति की समग्र स्वच्छता और संतुलित जीवन का मजबूत आधार है। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही सही निर्णय ले सकता है, सकारात्मक सोच विकसित कर सकता है तथा समाज में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य हमारी भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक व सामाजिक भलाई से जुड़ा होता है, जो हमारे सोचने, महसूस करने और कार्य करने की क्षमता को सीधे प्रभावित करता है।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह निषेध अभियान, पर्यावरण संरक्षण, नई चेतना 4.0 के अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान, महिलाओं के विधिक अधिकारों के साथ-साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेल्पलाइन नंबर 15100, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व गरिमा हेल्पलाइन नंबर 1090 की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी समस्या या संकट की स्थिति में ये हेल्पलाइन नंबर त्वरित सहायता का माध्यम हैं। विद्यालय कार्यवाहक मुकेश कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ से, विनोद कुमार वर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के साथ, साथ उन्हें अपने अधिकारों व जिम्मेदारियों के प्रति सजग बनाना रहा, जिसे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक ग्रहण किया।

## कांग्रेस का उपखंड कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन, एसआईआर के विरोध में किया घेराव

### मतदाता सूची में छेड़छाड़ लोकतंत्र की हत्या : इन्द्राज गुर्जर

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस)।** कांग्रेस पार्टी के आह्वान पर सोमवार को एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के विरोध में एसडीएम कार्यालय विराटनगर पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन व कार्यालय का घेराव किया गया। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक व जिला कांग्रेस अध्यक्ष इन्द्राज गुर्जर ने किया। प्रातः 11 बजे से शुरू हुए इस धरने में कांग्रेस के प्रदेश, जिला, ब्लॉक एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों सहित विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता व आमजन शामिल हुए। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार लोकतंत्र की हत्या करने के उद्देश्य से एसआईआर के नाम पर मतदाता सूची से योग्य मतदाताओं के नाम गलत तरीके से कटवा रही है, जिससे आम मतदाता को मतदान के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से बीएलओ पर दबाव बनाकर मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं, जो एक सुनियोजित षड्यंत्र है।जिला कांग्रेस अध्यक्ष इन्द्राज गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार मतदाताओं के वोट काटकर लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है। यदि इस प्रकार वोट चोरी की कार्रवाई नहीं रोकी गई तो विराटनगर क्षेत्र का आम नागरिक इसे सहन नहीं करेगा और बड़ा जनआंदोलन खड़ा होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मतदाता सूची में की जा रही अनियमितताओं पर तुरंत रोक नहीं लगी, तो न केवल विराटनगर बल्कि सम्पूर्ण कोटपूतली-बहरोड़ जिले में कांग्रेस कार्यकर्ता व आम जनता आंदोलन करने को मजबूर होगी, जिससे सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ेगा। धरने में कांग्रेस के प्रदेश व जिला स्तर के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखते हुए सरकार और प्रशासन को आगाह किया कि मताधिकार छीनने की किसी भी कोशिश का कांग्रेस सड़क से सदन तक पुरजोर विरोध करेगी। धरना- प्रदर्शन में पीसीसी सचिव जगदीश मीणा, विराटनगर ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र रातावाल, पावटा ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश मीणा, सरपंच संघ जिला अध्यक्ष मेहर सिंह धनखड़, प्रधान प्रतिनिधि कैन्हयालाल गुर्जर, सरपंच संघ अध्यक्ष शीशराम दायमा सहित विभिन्न मंडल अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, जिला पार्षद, पूर्व जनप्रतिनिधि, सरपंच, पार्षद एवं कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरना शांतिपूर्ण रहा, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने मतदाता सूची में की जा रही कथित अनियमितताओं पर ठोस कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## मशरूम उत्पादन तकनीक पर आयोजित 28 दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण शिविर का समापन

जयपुर टाइम्स




**अजमेर(निस)।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय की अधीनस्थ इकाई कृषि विज्ञान केंद्र, अजमेर में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दक्षता आधारित मशरूम उत्पादन तकनीक पर आयोजित 28 दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मशरूम उत्पादन को रोजगार के रूप में अपनाने की इच्छा रखने वाले 30 ग्रामीण एवं शहरी युवाओं को कुलगुरु डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।
समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि मशरूम उत्पादन कम लागत व अधिक लाभ देने वाला उद्यम है। युवा पीढ़ी इसे स्वरोजगार के रूप में अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती है। उन्होंने गुणवत्तायुक्त मशरूम उत्पादन, उसके प्रसंस्करण व उपयोग पर विशेष जोर देते हुए युवाओं को स्किल आधारित प्रशिक्षण प्राप्त करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, अजमेर के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष डॉ. डी. एस. भाटी ने कुलगुरु के प्रथम आगमन पर उनका स्वागत किया तथा केंद्र पर स्थापित वर्मी कम्पोस्ट, खरगोश पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, भेड़ पालन, सीड हब व सोलर ड्रायर जैसी विभिन्न इकाइयों का अवलोकन कराया। कुलपति महोदय ने इन इकाइयों व केंद्र की गतिविधियों की सराहना की। इसके पश्चात कुलपति ने कृषि अनुसंधान उप केंद्र, अजमेर का भी अवलोकन किया। उप केंद्र प्रभारी प्रो. डॉ. रमाकांत शर्मा ने अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत जौ पर संचालित अनुसंधान ट्रायल्स, विश्वविद्यालय की ओर से जौ व चना पर आवंटित मल्टी लोकेशन ट्रायल्स, कृषि अनुसंधान केंद्र, फतेहपुर की ओर से ईसबगोल पर आवंटित अनुसंधान ट्रायल्स की जानकारी दी। कुलपति डॉ. चौहान ने सुव्यवस्थित अनुसंधान ट्रायल्स व गेहूं बीज उत्पादन कार्य की विशेष सराहना की। नाले के समीप सीपेज से प्रभावित खेत का निरीक्षण करते हुए उन्होंने वाटरशेड अभियंताओं व मृदा वैज्ञानिकों के साथ समन्वय कर प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही उप केंद्र स्थित ऐतिहासिक कोठी का अवलोकन कर उसके संरक्षण व पुनरुद्धार की आवश्यकता पर बल दिया। अवलोकन के दौरान उप निदेशक (आईपीएम) डॉ. के. जी. छिपा, पौध संरक्षण वैज्ञानिक डॉ. दिनेश कछावा सहित आशीष, सीताराम, दिव्यांशी, सतनारायण पोषक, पुखराज गेना, रिंकू, प्रगतिशील किसान रूपचंद कहार उपस्थित रहे।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो व पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** 78वें सेना दिवस के उत्कृष्ट एवं सफल आयोजन के उपलक्ष्य में जयपुर मिलिट्री स्टेशन में लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमान की अध्यक्षता में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्देश्य सेना दिवस परेड 2026 के सुव्यवस्थित व अनुकरणीय आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों को सम्मानित करना था। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सिविल व्यक्तियों तथा सप्त शक्ति कमान के सैन्य कर्मियों को उनके अनुकरणीय समर्पण व कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया। सप्त शक्ति सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में दक्षिण-पश्चिम कमांड प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) व पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), जयपुर की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला समेत 13 सिविल अधिकारियों को आर्मी कमांडर प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्होंने 8 आर्मी कमांडर प्रशस्ति पत्र, जबकि सैन्य कर्मियों को 40 आर्मी कमांडर प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए। इसके अतिरिक्त, समारोह के दौरान एक वेटेरन अचीवर अवार्ड भी प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि सूचना व प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो (जयपुर) की ओर से नो योर आर्मी' थीम पर आधारित पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का आयोजन 8 से 12 जनवरी तक सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन में किया गया था। प्रदर्शनी का उद्घाटन राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया था। 11 जनवरी को राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसकी सराहना की। पांच दिवसीय इस मल्टीमीडिया प्रदर्शनी को जयपुर सहित आसपास के तमाम क्षेत्रों के अनेक विद्यालयों के विद्यार्थियों समेत हजारों की संख्या में नागरिकों ने देखा और भारतीय सेना के शौर्य, अनुशासन व योगदान के बारे में जानकारी प्राप्त की। समारोह को संबोधित करते हुए आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने 78वें सेना दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगी संस्थाओं और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी दोहराया कि भारतीय सेना केवल राष्ट्र की ही नहीं, बल्कि नागरिकों की भी सेना है। अतः सेना दिवस का उत्सव केवल सेना तक सीमित न रहकर नागरिकों की सहभागिता के साथ मनाया जाना चाहिए। आर्मी कमांडर ने बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए 'समग्र राष्ट्र दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें सैन्य एवं सिविल संस्थाओं के बीच सशक्त समन्वय अनिवार्य है।

## नव भारत साक्षरता कार्यक्रमः प्रचार प्रसार ऑटो को किया रवाना



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** निदेशक साक्षरता व सतत् शिक्षा राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार सोमवार को उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत मोबलईजेशन व वातावरण निर्माण के लिए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिंगल के माध्यम से प्रचार प्रसार के लिए ऑटो को सुभाष चंद्र सोनगरा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी व बाबूलाल शर्मा अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुकेश जांगिड़ ब्लॉक समन्वयक साक्षरता ने बताया गया कि जिला साक्षरता व सतत् शिक्षा अधिकारी चूरू के निर्देश पर लोगों को साक्षरता कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करने के लिए एक ऑटो सरदारशहर ब्लॉक के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में घूम घूम कर साक्षरता विभाग की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता आदि की जानकारी लोगो तक पहुंचाएगा। इस अवसर पर अब्दुल करीम, शाहिद हुसैन, रोहित मीणा, रमेश कुमार सारण, कैलाश पारीक, अभिषेक मीणा, शक्ति सिंह, सुरेन्द्र नाई, अनिल स्वामी, अशोक जोशी, भंवरलाल प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

## हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारियां



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में वीर सावरकर बस्ती में आगामी हिन्दू सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। प्रचार प्रसार अभियान को और अधिक गति प्रदान करने के लिए सकारात्मक चर्चा बैठक में की गई। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जानकारी बैठक में देते हुए बताया कि 1 फरवरी को श्री श्याम मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संतों के प्रवचन के साथ सम्मान समारोह के साथ कार्यक्रम सम्पन्न होगा। जिसमें गत वर्ष के प्रतिभावान विद्यार्थियों, संयुक्त परिवार के मुखिया, समाज में उत्कृष्ट योगदान करने वाले नागरिकों एवं स्वच्छता कर्मियों व क्षेत्र के समस्त मंदिरों के पुजारियो को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष गौरीशंकर डीडवानिया ने प्रत्येक घर से कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आव्हान किया हैं। बैठक में सर्वसम्मति से सांवरमल बगड़िया को शोभायात्रा का संयोजक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदीप दीक्षित, कालिका प्रसाद पारीक, कमलेश सोनी, बालमुकुंद डीडवानिया, कृष्णमुरारी शर्मा, परमानंद स्वामी, पवन बागड़ी, मुकेश जोशी, हर्षवर्धन सोनी, मुकेश सैनी, गंगाधर डिडवानिया, बनवारी लाल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुख्य बाजारों में हटाए जा रहे टेलीफोन के अनुपयोगी पोल



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में कच्चा बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन तक मुख्य बाजारों में नगरपरिषद की ओर से आवागमन को सुचारु करने के लिए एक और प्रयास किया जा रहा है। बाजारों में खड़े अनुपयोगी टेलीफोन के पोल को नगरपरिषद टीम की ओर से हटाने का कार्य किया जा रहा है। आवागमन में बाधा नहीं हो इसके लिए यह कार्य रात्रि के समय किया जा रहा है और कार्य करते समय सभापति राजकरण चौधरी स्वयं मौजूद रहकर विकास कार्यों की मोनीटरिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने बताया कि बीएसएनल की ओर से बहुत वर्षों पहले टेलीफोन के लिए पोल लगाए गए थे जो पूरी तरह से अनुपयोगी हो चुके हैं और आवागमन को बाधित करते हैं। मुख्य बाजारों में काफी संख्या में यह पोल लगे हुए हैं और जगह-जगह इन पोल के कारण आवागमन बाधित होता है। उन्होंने कहा कि नगरपरिषद टीम की ओर से इन पोल को अब हटाया जा रहा है और यह पोल हटाने के बाद निश्चित रूप से आवागमन में रास्ता आसान होगा। नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी की ओर से लगातार किए जा रहे इस प्रकार के कार्यों की चर्चा पूरे शहर में बनी हुई हैं। शहरवासी नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी के इन कार्यों की प्रशंसा करता हुआ नजर आ रहा है।

## लक्ष्मणगढ़ में मिलावट पर वार, 540 किलो काजू-बेसन सीज

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शुद्ध आहार- मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा विभाग ने सोमवार को लक्ष्मणगढ़ में खाद्य पदार्थों के व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर सख्त कार्रवाई की। इस दौरान 210 किलो काजू व 330 किलो चना बेसन सहित कुल 540 किलो खाद्य सामग्री को सीज किया गया। खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला व सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूलसिंह बाजिया, नंदराम मीणा व सुरेश कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान काजू टुकड़ी का नमूना लेकर 210 किलो काजू सीज किया गया, वहीं चना बेसन का नमूना लेकर 330 किलो बेसन को कब्जे में लिया गया। इसके अलावा रसगुल्ले का भी सैंपल लिया गया। सभी नमूनों को जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, जयपुर भिजवाया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।इधर, लक्ष्मणगढ़ में आयोजित लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर में 122 खाद्य लाइसेंस जारी किए गए।

# गुलाब बाग चौराहे पर अब नियमित दी जाएगी यातायात नियम की जानकारी

### डॉ निखिल अग्रवाल ने माइक सेट भेंट किया

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सरकार की ओर से मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग व यातायात पुलिस की ओर से 1 जनवरी से निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में एवीएम कॉन्वेंट विद्यालय में परिवहन विभाग की ओर से निबंध प्रतियोगिता व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी और उन्हें अपने कर्तव्यों का बोध कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण भी कराई। इस अवसर पर विद्यालय की व्यवस्थापिका प्रिया त्यागी, विद्यालय प्रधानाचार्य अनीता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। गुलाब बाग चौराहे पर अब नियमित यातायात की जानकारी दी जाएगी। यातायात सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. निखिल अग्रवाल ने यातायात पुलिस को यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए माइक सेट भेंट ट किया है। जिसमें नियमित चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी। डॉ. निखिल अग्रवाल ने बताया कि सामाजिक सरकारों के क्षेत्र में अपने दायित्व का निर्माण करते हुए रिनी हॉस्पिटल के माध्यम से माइक सेट उपलब्ध कराया गया है। जिसमें यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई है। जिससें वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों की माइक स्पीकर के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। चंद्रमल फाउंडेशन संस्थान के अध्यक्ष राजवीर सिंह गुर्जर ने कहा कि भामाशाहों को इस प्रकार के कार्यों में आगे जाकर सहयोग करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा को लेकर जारी किए गए स्टीकरों का अतिथियों की ओर से गाड़ियों पर लगाकर, वाहन चालकों के साथ समझाइश भी कराई गई। चला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह में भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि विभाग सीमित संसाधनों के बीच बेहतर यातायात व्यवस्था लागू करने के लिए कटिबंध है।

## कोहरे की चपेट में सरदारशहर उपखंड क्षेत्र, मेगा हाइवे पर वाहनों की गति पर लगा ब्रेक

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के उपखंड क्षेत्र में सोमवार अल सुबह तेज कोहरा छाने के कारण आमजन और यातायात प्रभावित हुआ हैं। शहर और गांवो में कोहरे के कारण गाडियों के पहिये थम गए। आमजन गर्म कपड़ों में लिपटे हुए नजर आए। जगह-जगह अलाव जलाकर सर्दी से बचाव करते हुए नजर आए। तापमान में गिरावट अब तेजी से हो रही है। मौसम विभाग ने भी आने वाले दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश और शीत लहर की चेतावनी जारी कर दी है। वहीं कॉलेज और स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी खासा परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्म कपड़े पहनने के बाद भी सर्दी पीछा नहीं छोड़ रही है। रास्ते में जहां भी आग जलती दिखती है अलाव तापने लग जाते हैं। तापमान में आई इस गिरावट से सर्दी का अहसास बढ़ गया है। गांव से पढ़ने के लिए सरदारशहर आने वाली युवती वंदना पारीक ने बताया कि कोहरा इतना तेज है कि सड़क पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है। गांव से शहर आने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दीपिका प्रजापत ने बताया कि सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनकर बाहर निकल रहे हैं। लेकिन फिर सर्दी लग रही है। सरदारशहर से बीकानेर जाने वाली हाईवे व जयपुर



हनुमानगढ़ मेगा हाईवे पर कोहरे के कारण आवागमन बाधित रहा। मेगा हाइवे पर वाहन लाइटों के सहारे रेंग रेंग कर चल रहे थे। वहीं बड़े वाहन सड़क किनारे खड़े होकर कोहरा छंटने का इंतजार करते देखे गए। न्यूनतम तापमान में भी अगले दो दिन में गिरावट आने की आशंका जताई गई है। उत्तर पश्चिम और उत्तरी राजस्थान में शीतलहर का दौर जारी रहेगा। खासकर शहर की बजाय गांवों में कोहरा ज्यादा देखने को मिला। शीतलहर आने से किसानों की फसल में काफी फायदा होगा। हालांकि ज्यादा सर्दी की चपेट में अगर फसल आई तो किसानों को नुकसान होने की संभावना है। वहीं सर्दी बढ़ने के साथ ही अस्पतालों में भी वायरल बीमारियों से जुड़े मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

## भाजपा नेता संतोष मेघवाल ने अपने नाम के परिवाद को बताया फर्जी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रही बीदासर की निवर्तमान प्रधान संतोष मेघवाल ने पिछले दिनों अखबार में छपी खबर को झूठा बताते हुए अपना स्पष्टीकरण दिया और कहा कि मेरे लेटरहैड जैसा कूटरचित लेटरहैड बनाकर भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायत की गई है और इस फर्जी शिकायत से मेरा कोई लेना देना नहीं है। यह सब किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरी राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए किया। अपने निवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि भाजयुमो के दो पूर्व अध्यक्षों की अफसरों को डरा कर वसूली करने की शिकायत उन्होंने नहीं की है, ना ही कोई परिवाद दिया। हालांकि उन्होंने इस कथित फर्जी परिवाद की मीडिया के सामने कॉपी नहीं रखी। जिससे यह कथित फर्जी परिवाद जनता के सामने नहीं आ पा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर मेरे नाम से शिकायत को लेकर कोई परिवाद मिला, तो कोतवाली सीआई को पहले मेरे से बात करनी चाहिए थी, न कि मीडिया को कॉपी देते। मेघवाल ने



कहा कि ऐसा करके उनकी और भाजपा की छवि को धूमिल करने का कृत्य किया गया है। जिस किसी ने यह काम किया है, उसके खिलाफ वह कार्रवाई करेगी। साथ ही पार्टी के उच्चाधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत करवाया जाएगा। प्रेसवार्ता में जिला प्रवक्ता अरुण तिवाड़ी, पूर्व मंडल अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश सोनी, मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, बीदासर अध्यक्ष राजेश सोनी, ललित माली, राजेश सैन, पार्षद मनोज पारीक, गोपाल प्रजापत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। हालांकि जनता के सामने अब यह सवाल जिंदा है कि फर्जी परिवाद पर जांच के आदेश कैसे हो सकते हैं।

## भक्कड़ आदर्श विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** सादुलपुर के भक्कड़ आदर्श विद्या मंदिर में सोमवार को मातृ सप्त शक्ति संगम के अंतर्गत मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम संयोजक कांता टेलर ने अतिथियों का परिचय कराया, जबकि मुख्य अतिथि अंजली राठौड़ ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता एडवोकेट गायत्री पूनियां ने 'माताएं शक्ति का पुंज हैं' विषय पर संबोधित करते हुए कुटुंब प्रबोधन व पर्यावरण संरक्षण की भारतीय दृष्टि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सप्त शक्तियों को जागृत करना समय की आवश्यकता है। राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि माताएं ही अपने बालक-बालिकाओं को संस्कार देकर समाज और राष्ट्र को दिशा देती हैं। विद्यालय की दीक्षा वर्मा की ओर से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मातृ शक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि अंजली राठौड़ ने जीजाबाई, रानी लक्ष्मीबाई व



पन्नाधाय के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए संस्कार पक्ष के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष सुमन जाखड़ ने नारी के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि अनिता गोस्वामी व ज्योति सरावगी ने भजनों के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए। इस अवसर पर गो-सेवा के लिए ज्योति सरावगी व रेखा सैनी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीक्षा वर्मा ने किया, जबकि आचार्या मिनाक्षी गौड़ ने आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में ज्योति सरावगी, मंजू कुलहरि, निर्मल शर्मा (पिलानी), अनिता गोस्वामी, पूजा सैनी, मीरा कुमारी, सविता जांगिड़, सरिता तोला, शीला सरावगी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मातृ शक्ति उपस्थित रही।

## प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक में संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

### महिला अधिकारों के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष का ऐलान

जयपुर टाइम्स

**अलवर/जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय (पीसीसी) में राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की 'प्रदेश कार्यकारिणी' की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान प्रदेश प्रभारी नूरी खान, राष्ट्रीय सचिव एवं सहप्रभारी दीप्ति सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह के गरिमामयी सानिध्य में संपन्न हुई। नगर परिषद की पूर्व सभापति एवं महिला काँग्रेस जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी ने बताया कि बैठक के दौरान संगठनात्मक मजबूती, आगामी राजनीतिक एवं सामाजिक कार्ययोजनाओं तथा महिला अधिकारों की रक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गए। अलवर जिला महिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष के पद पर कमलेश सैनी को लगातार चौथी बार इस पद पर नियुक्ति पत्र सौपा गया है। ज्ञात रहे कि कमलेश सैनी इस पद पर 8 सितंबर 2016 से लगातार इस पद पर आसीन है। महिला कांग्रेस ने यह संकल्प लिया कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए सड़क से लेकर संसद तक मजबूती के साथ संघर्ष किया जाएगा और हर स्तर पर जनता की आवाज बुलंद की जाएगी। इस अवसर पर मुझे जिला महिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के जिलाध्यक्ष पद का चौथी बार नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, जो मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी का क्षण रहा। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह





एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित शीर्ष नेतृत्व द्वारा जताए गए विश्वास पर खरा उतरते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव नूरी खान, राष्ट्रीय सचिव दीप्ति सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह, रचना समलेती, ममता वशिष्ठ, संगीता गर्ग सहित जिला महिला कांग्रेस कमेटी अलवर जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी, प्रदेश महासचिव विमला शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। महिला कांग्रेस ने एक स्वर में कहा कि नारी शक्ति अब रुकने वाली नहीं है और एकजुट होकर प्रदेश की जनता की आवाज बनेगी।

## आपदा प्रबंधन के तहत स्वीकृत किए गए कार्यो को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंः डीएम



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों, फ्लैगशिप योजना, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई, सड़क मरम्मत, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल, मौसमी बिमारियों की रोकथाम एवं साफ-सफाई की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि अत्यधिक सर्दी के दृष्टिगत रैन बसेरों व आश्रय स्थलों के इंतजाम दुरुस्त रखे जायें जिससे निराश्रित लोग शरण लेकर अपना बचाव कर सकें। उन्होंने आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के आयोजन को गरिमापूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने परेड, ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आमंत्रण व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा, पेयजल, स्वच्छता व विद्युत आपूर्ति सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने समस्त सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई व ऐतिहासिक इमारतों पर विशेष रोशनी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए और राष्ट्रीय पर्व की मर्यादा के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग की ओर से आयुषमान अरोग्य मन्दिर, जिला परिषद की ओर से स्वच्छता, महिला अधिकारिता विभाग की ओर से महिला सशक्तिकरण, शिक्षा विभाग द्वारा खगोल शास्त्र, परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा थीम पर झाकियों का प्रदर्शन किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग व नगर परिषद को संबंधित सड़कों पर पेचवर्क व दुरुस्तीकरण का कार्य कराये जाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने आपदा प्रबंधन के तहत स्वीकृत किए गए कार्यो को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे प्रकरणों, जनसुनवाई मे प्राप्त प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर दीर्घकाल से लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराया जाए, औसत निस्तारण समय में कमी की जाए व परिवादों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कर परिवादियों को राहत एवं संतुष्टि प्रदान की जाए। बैठक में उपवन संरक्षक वी चेतन कुमार, सहायक लोक प्रशासनिक बंशीधर योगी, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बबली राम जाट, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह, उपमुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बगड़िया अस्पताल में लपकों पर कार्यवाही की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता बसंत बोरड़ ने एडीएम संतोष मीणा को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर शहर की सबसे बड़ी राजकीय बगड़िया उपजिला हॉस्पिटल में लपका गिरोह पर लगाम लगाने की मांग रखी है। ज्ञापन लिखा कि उनकी ओर से 2020 में अस्पताल की अव्यवस्थाओं और लपका गिरोह को लेकर तत्कालीन पीएमओ को ज्ञापन दिया गया था। जिसको लेकर एक कमेटी बनाकर जांच भी की गई थी। इस कमेटी की बैठक में लपकों पर लगाम लगाने के लिए डॉक्टरों को पाबंद किया गया था। साथ ही कमेटी को लपकों के नाम चिन्हित कर पीएमओ को देने के लिए कहा गया था। ताकि उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जा सके। लेकिन तब से अब तक 5 सालों में लपका गिरोह की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। बोरड़ ने लिखा कि पिछले 5 सालों में हॉस्पिटल में सुधार के लिए उन्होंने और अन्य लोगों ने कई शिकायतें की। लेकिन तत्कालीन और वर्तमान पीएमओ ने इस गंभीर मामले को कभी गंभीरता के साथ नहीं लिया। ज्ञापन में लिखा कि इस समय हॉस्पिटल में लपका गिरोह के पचास से ज्यादा लोगों का एक तरह से कब्जा हो चुका है। हालात ये है कि कई डॉक्टरों के केबिन में ड्यूटी टाइम में लपके घुसे रहते



हैं। गांव से आने वाले भोले भाले लोग इनका ज्यादा शिकार बनते हैं। लपके इन लोगों को बहका कर बाहर के मेडिकल स्टोर और लैबोरेट्री पर ले जाते हैं। जिससे इन गरीबों का पैसा व्यर्थ ही खर्च होता है। दूसरी तरफ सरकारी योजनाओं का भी इनको लाभ नहीं मिल पाता। कई बार तो लपकों की ओर से गांव के लोगों से नकदी रकम लेकर भागने की सूचनाएं भी मिली है। ज्ञापन में मांग की गई है कि हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों के हित में पीएमओ को कारवाई के लिए निर्देशित किया जाए तथा लपकों को चिन्हित करवा कर उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करवाई जाए। ताकि आमजन को मुफ्त दवा और जांच का लाभ मिल सके।

## कांग्रेस सेवादल जिला महासचिव अभिषेक यादव के नेतृत्व में दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बाडी में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण अभियान में आपत्तियों के नाम पर हो रही कथित धांधली को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। जिला कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों ने उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने फर्जीवाड़े को रोकने और भ्रम, भय व असंतोष की स्थिति समाप्त करने की मांग की। कांग्रेस सेवादल के जिला महासचिव अभिषेक यादव के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाना है। हालांकि कुछ असामाजिक और स्वार्थी तत्व इस प्रक्रिया की आड़ में वैध, जीवित और नियमित मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फर्जी आपत्तियां लगा रहे हैं। पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शकील कुरैशी, कांग्रेस नेता निजामुद्दीन खान, कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष प्रवेश पठान, एडवोकेट राकेश, अजय पार्षद, आकाश यादव, सतीश खेमरिया, साबिर कुरेशी, दुर्गा जाटव आदि लोग मौजूद रहे।

## जमीन का मुआवजा ठीक नहीं दिया तो रोड नहीं बनने देंगे




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा के लोगो ने आज धौलपुर कचहरी परिषद में सैंकड़ों लोगो ने ज्ञापन दिया है। कहना है कि अगर हमारी जो भी जमीन जा रही है, उसका सही मुहावजा मिले ग्रामीणों का कहना है कि चार लाख रुपय बीघा देने की वात कह रहे है। हमारे बगल में उत्तर प्रदेश की जमीनो की क़ीमत 12 से 15 लाख तक दिए है तो हमारी जमीन की क़ीमत क्यों कम मिट्टी एक जमीन एक नागरिक एक फिर दोवला पन क्यों हमारी जमीन की सही क़ीमत नहीं दी तो सड़क नहीं बनने देंगे। इसके अतिरिक्त, ग्वालियर-आगरा एक्सप्रेसवे के निर्माण से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा और दिल्ली दोनों शहरों से जुड़ जाएगी, जिससे यह और भी सुलभ हो जाएगा। वर्तमान में, दिल्ली और ग्वालियर के बीच की दूरी लगभग 360 किलोमीटर है, जिसे आगरा-दिल्ली राजमार्ग और यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से यात्रा करने में लगभग 6 से 7 घंटे लगते हैं। यात्रा के समय को कम करने के अलावा, आगरा ग्वालियर ग्रीन एक्सप्रेसवे देश भर के कई शहरों को भी जोड़ेगा। ग्रीन एक्सप्रेसवे इटावा में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, लखनऊ में आगरा एक्सप्रेसवे और कोटा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा, जिससे कनेक्टिविटी और पहुंच और भी बेहतर होगी।

## यातायात पुलिस ने सड़क से अस्थाई अतिक्रमण हटाया



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात पुलिस की ओर से सीओ सिटी कृष्णा राज जांगिड़ के नेतृत्व में हाईवे से सर्विस रोड पर जमा अतिक्रमण को हटाया गया और गुलाब बाग से बड़ी रोड पर जगदीश राय तक दुकानदारों को हिदायत दी गई, कि वह अपनी सीमा में ही वाहनों को खड़ा करें। दुकान से बाहर सामान को न रखें सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें। उन्होंने जीटी रोड पर से अस्थाई अतिक्रमण को साफ कराया तथा वाहन चालकों कुछ चेतावनी दी गई कि वह सर्विस रोड पर वाहनों को पार्किंग के रूप में खड़ा ना करें। इस अवसर पर यातायात पुलिस का जाप्ता मुख्य रूप से उपस्थित था।

## हाइवे सडक किनारे गाड़ी खड़ी की तो अब खैर



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अगर आप यातायात नियमों का पालन नही करते और अपना दो पहिया या चार पहिया वाहन शहर में सड़क के किनारे कहीं भी खड़ा कर देते है तो सावधान हो जाएं। धौलपुर पुलिस व ट्रैफिक पुलिस हाईवे पर सडक किनारे नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन पार्क करने वालों पर सख्ती करेगी। हाईवे पर धौलपुर शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन में वृताधिकारी वृत्त धौलपुर कृष्ण राज जांगिड व ट्रैफिक प्रभारी बलविंदर सिंह के नेतृत्व में धौलपुर शहर के थाना सदर इलाके में हाइवे पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों को हटवा कर वाहन चालकों व दुकानदारो को वाहनों को खड़े नहीं करवाने की समझाइश की। इसके साथ ही शहर के व्यस्ततम मार्ग गुलाब बाग से जगदीश तिराहा तक दुकानों के सामने लगे अस्थाई अतिक्रमणो को हटवाया गया। पुलिस ने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों के पालन करने के साथ साथ पार्किंग एरिया में ही वाहन पार्क करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कहीं भी भीड़भाड़ वाले इलाकों में कभी भी सडक किनारे नो पार्किंग में वाहन को पार्क न करें। साथ ही दुकानदारों से भी अपील में कहा कि वे अपने प्रतिष्ठान के सामने कोई भी वाहन खड़ा न होने दे।

# राजकीय बालिका विद्यालय की जमीन पर कूटरचित फर्जी मुकदमे, स्टे की आड़ में हड़पने का प्रयास

### जालसाजी से बचाने के लिए मंत्रीमंडल से मिला प्रतिनिधि मंडल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा प्रबुद्ध वर्ग का एक प्रतिनिधिमंडल जयपुर में भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री, स्वायत शासन मंत्री झावर सिंह खर्रा, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम, शिक्षा मंत्री के निजी सहायक से मुलाकात कर राजाखेड़ा के बहुचर्चित अतिक्रमण स्थल राज .बालिका विद्यालय का भूखंड खसरा नंबर 3949 रकबा 13 विश्व, हाट मैदान रोड पर स्थानीय प्रशासन की अनदेखी और मिली भगत को स्पष्ट रूप से अवगत कराने के लिए चार सदस्यीय दल जिसमें जिले के निष्पक्ष और निर्भीक बीजेपी के युवा उत्साही नेता जयवीर सिंह पोसवाल, वायु वृद्धि व उत्साही जनसेवक के रूप में दीवान सिंह दिवाकर, राजेश शर्मा व रस की पूर्व प्रचारक रामकिशोर ने जयपुर पहुंचकर अपनी भावनाएं मंत्रियों के समक्ष प्रस्तुत कर बताया कि लगभग दो वर्षों से विभिन्न प्रयासों के उपरांत आपकी कृपा से बालिका विद्यालय की भूमि का श्वझ्रस् मशीन से नाप होने के बाद 5 जनवरी को तहसीलदार, नगरपालिका, बंदोबस्त प्रशासन संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने मय जेसीबी के मौके पर पहुंचा तो भू माफिया माखन ने प्रशासन को खसरा न 3948 चबूतरे का स्टे दिखाकर विशेष सेटिंग से वापिस कर दिया और प्रशासन की मूक तरीके से वापिसी, गहरे संदेह को बयां करती है। जो 6 जनवरी के राष्ट्रीय अखबारों की सुर्खिया रही,क्योंकि उन्हीं तहसीलदार जी ने सेटलमेंट को भेजी चेक लिस्ट में कोई स्टे नहीं, होना लिखा। प्रिंसिपल ने सीजेएम साहब राजाखेड़ा से व्यक्तिगत मुलाकात कर उनकी जगह पर पर फर्जी तरीके से अन्य लोगों को स्थगन आदेश देकर 2006 से अब तक झूठे मुकदमों में उलझा कर बालिकाओं का अहित कर रहे हैं। साथ ही बेश कीमती भूमि पर अनर्गल रूप से अतिक्रमण हो रहा है। गर्ल्स स्कूल की जगह पर 2006 से लेकर 2018 तक लगातार स्थगन आदेश रहा था। इसी दौरान 2015 में में रोड पर अतिक्रमण हो गया नगर पालिका मुख्य दर्शन देखती रही बेचारी बच्चियों ठगी सी रह गई, 16 जनवरी को सीजेएम कोर्ट राजाखेड़ा में बालिका विद्यालय की भूमि पर स्टे लेने के लिए माखन सिंह अतिक्रमण कारी ने जालसाजी से व्यूह रचना कर फर्जी दस्तावेज के जरिए, अपने ही पक्षकार, रामप्रकाश पुत्र मेवाराम बघेल मनगढ़ंत तरीके से जोड़ते हुए केवल नगर पालिका को पार्टी बनाया है जगह गर्ल्स स्कूल की है और उसे ही अनभिज्ञ रखा गया है। 21.01.26 को होने वाली कोर्ट में स्टे बहस के लिए नगर पालिका के वकीलो से मैच फिक्सिग कर लिया है ताकि स्टे की आड़ में बालिका विद्यालय की 5 करोड़ से अधिक की जमीन पर अतिक्रमण यथावत रहे। माखन सिंह की ओर से बालिका विद्यालय को कोर्ट के मनगढ़ंत झूठे मुकदमे अपने ही पक्षकारों से लगवाकर, उलझाए हुए है। इसमें तीन महत्वपूर्ण तथ्य इस प्रकार है। माखन सिंह की रजिस्ट्री में उसकी कृषि भूमि 8.5 विश्वा सड़क से 500 मीटर दूर है। जिसके लिए खुद की भूमि से रास्ता निकाला गया है। हाट मैदान बायपास सड़क 1997में बनी थी माखन की रजिस्ट्री 2011 की है। सड़क से इसके खेत के लिए कोई रास्ता नहीं था इसीलिए संत जैन ने 1 लाख 20 हजार में मात्र यह जगह बेची थी। नगरपालिका से उसने आवासीय पट्टा लिया है व्यावसायिक उसकी भूमि नहीं है। अतिक्रमण 15 बिस्वा में है, जगह दुगनी कैसे हो गई। नगरपालिका की ओर से जो दोहरा जालसाजी पट्टा है उसमें पूर्व दिशा की ओर 15 फीट सड़क व हाट मैदान मुख्य कॉमर्शियल सड़क के बीच की दूरी 50 फीट कम दर्शाई है यही 50 वाई 150 भूमि बालिका विद्यालय की है, जो कॉमर्शियलहै तथा बाजार भाव 5करोड़ से अधिक की है।

यह जगजाहिर साक्ष्य है रजिस्ट्री देखी जा सकती है, दोनों सड़कों के बीच की जमीन की नापकर पुष्टि 5 मिनट में की जा सकती है। लेकिन 2 साल से श्वझ्रस् मशीन से नापने की कहते रहे और जब नाप हो गई तो पुनः स्टे और कोर्ट, अब यह फर्जी बाड़े के गीत क्यों गाए जा रहे हैं। इसलिए यथा शीघ्र श्र कलेक्टर धौलपुर को निर्देशित करें, जालसाजी कूट रचित दस्तावेज से बार बार परेशान करने वाले अतिक्रमण कारी के विरुद्ध FIR की जाए व राजकीय बालिका विद्यालय की जमीन खसरा नंबर 3949 जरिया नंबर 2 पर अनर्गल स्टे नहीं दिया जाए, इसके लिए नगर पालिका राजाखेड़ा की जिम्मेदारी निश्चित किए जाने की मांग की गई है।

## धौलपुर डिपो के परिचालक अनिल कुमार शर्मा ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

### रोडवेज बस में छूटा 20 हजार व कागजात यात्री को सकुशल लौटाए



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर डिपो से कैला देवी जा रही राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) की बस में एक यात्री का बैग छूट गया, जिसमें 20 हजार नकद और जरूरी कागजात रखे हुए थे। इस दौरान परिचालक अनिल कुमार शर्मा ने ईमानदारी का परिचय देते हुए यात्री का बैग सुरक्षित लौटाकर सराहनीय मिसाल पेश की। जानकारी के अनुसार, बसेड़ी निवासी यात्री यात्रा के दौरान अपना बैग बस में ही भूल गया था। बस की जांच के दौरान परिचालक अनिल कुमार शर्मा की नजर बैग पर पड़ी। बैग में मिले कागजातों के आधार पर उन्होंने यात्री से संपर्क किया और उसे सूचना दी। बाद में यात्री को बुलाकर उसका बैग, नकदी और सभी आवश्यक दस्तावेज सुरक्षित रूप से लौटा दिए।

अपना सामान वापस पाकर यात्री ने राहत की सांस ली और परिचालक अनिल कुमार शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए उनकी ईमानदारी की खुले दिल से प्रशंसा की। इस घटना से न केवल रोडवेज कर्मचारियों की सकारात्मक छवि सामने आई है, बल्कि आमजन में भी भरोसा मजबूत हुआ है। स्थानीय लोगों ने कहा कि वर्तमान समय में इस तरह की ईमानदारी समाज के लिए प्रेरणादायी है और रोडवेज विभाग के कर्मचारियों के प्रति विश्वास को और सुदृढ़ करती है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




जयपुर टाइम्स


**धौलपुर(निस)।** सीडीपीओ कार्यालय सैंपऊ के सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण की शुरुआत उपखंड अधिकारी सैंपऊ बंशीधर योगी की ओर से माँ सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरकार की प्रशासनिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है और राज्य के ग्राम स्तर तक के कार्यक्रमों, योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए सभी कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें कि केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचे। पूरक पोषाहार वितरण पारदर्शी व व्यवस्थित हो और बच्चों के पूर्व शाला शिक्षण को विशेष प्राथमिकता दी जाए। सीडीपीओ भूपेश गर्ग ने बताया कि प्रशिक्षण मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना अंतर्गत कराया जा रहा है जिसका उद्देश्य विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में कार्यकर्ताओं को जानकारी प्रदान करते हुए आमुखीकरण किया जाना है। गर्ग ने कहा कि 19 जनवरी से विभाग कुछ महत्वपूर्ण संकेतकों पर फोकस कर प्रेरणा अभियान शुरू कर रहा है जिसका उद्देश्य आंगनबाड़ी की सेवाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों का पंजीयन, पूर्व शाला शिक्षा पर ध्यान तथा पोषण के प्रति जागरुकता लाना है। इस अभियान में बच्चों के अपार आईडी बनाने पर फोकस किया जाएगा। इस अवसर पर सीडीपीओ ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ कुपोषण प्रबंधन पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनिश्चित करे कि पात्र लाभार्थियों को विभागीय सेवाओं का लाभ समय पर मिले साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रेकर पर शेष वृद्धि निगरानी व पोषाहार वितरण की प्रविष्टि को अगले 7 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए। महिला पर्यवेक्षक सरस्वती ने कहा कि पोषण व्यापक अवधारणा है। प्रत्येक कार्यकर्ता गर्भधारण के शुरुआती माहों में महिलाओं का पंजीयन करने पर कार्य करें और खानपान की विविधता पर जागरूक करें। महिला पर्यवेक्षक ममता जैन ने पोषण ट्रेकर की उपयोगिता व प्रयोग तथा पोषण अभियान पोर्टल पर डेशबोर्ड एंट्री के बारे में समझाया। इस अवसर पर तसीमो व सैंपऊ क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, पोषण अभियान की डीपीए नरगिस, वात्सल्य संस्था से अभय शर्मा, वरिष्ठ सहायक लोकेश परमार, कनिष्ठ लेखाकार गुनीराम, सागर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दिलीप सिंह उपस्थित रहे।

### टीबी मुक्त भारत अभियान को मिली मजबूती

## आरईसीएल में 500 कर्मचारियों की जांच, टीबी फ्री वर्क प्लेस कैंप

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** टीबी मुक्त भारत अभियान को सशक्त बनाते हुए राजस्थान एक्सप्लोसिव्स एंड केमिकल्स लिमिटेड सोलर ग्रुप कंपनी के औद्योगिक परिसर में टीबी फ्री वर्क प्लेस हेल्थ कैंप का भव्य आयोजन किया गया। यह शिविर चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग धौलपुर के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 200 कर्मचारियों व कामगारों का व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान कर्मचारियों की हाइट, वजन, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, एचआईवी जांच के साथ-साथ चेस्ट एक्स-रे किए गए। एक्स-रे जांच में जिन कर्मचारियों में असामान्यता पाई गई, उनके नॉट टेस्ट के लिए सैंपल लिए गए, जिससे टीबी की समय रहते पहचान कर उपचार संभव हो सके। कंपनी प्रबंधन की ओर से प्रबंध निदेशक संजय देवगांवकर निदेशक राकेश कुमार शर्मा, कारखाना प्रबंधक रनवीर सिंह, सहायक महा प्रबंधक मुकेश शर्मा ने शिविर का समन्वय किया। इसके साथ ही वीएन श्रीवास्तव, सेफ्टी प्रबंधक प्रशांत सिंह, एचआर प्रबंधक आलोक शर्मा, हरीश श्रीवास्तव, राहुल वर्मा, सुमित तिवारी, कंपनी की फर्स्ट एड टीम व डॉ. अमरेश कुमार का उल्लेखनीय सहयोग रहा। शिविर के दौरान कर्मचारियों को टीबी के लक्षण, बचाव, समय पर जांच व उपचार के साथ-साथ कार्यस्थल पर सुरक्षा, प्राथमिक उपचार और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की जानकारी दी गई। कर्मचारियों ने शिविर को उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की। कंपनी प्रबंधन ने जिला राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम व जिला क्षय निवारण केंद्र चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग धौलपुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वस्थ कर्मचारी ही सशक्त उद्योग की पहचान हैं। प्रबंधन ने भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य व जागरूकता शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ टीम ने शिविर में सक्रिय भूमिका निभाई। टीम में डॉ. लक्ष्मीकांत चिकित्सा अधिकारी, प्रेम सैनी डीपीसी, महेंद्र, राजीव चौहान, शरद सोनी बीएचएस, नरेंद्र, गौरव लैब टेक्नीशियन, हरेंद्र गिरी व भारत राज रेडियोग्राफर शामिल रहे।



## पेंशन का सत्यापन नहीं करवाने पर रूक जाएगी पेंशन

**धौलपुर(निस)।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लिए लाभार्थियों का वार्षिक भौतिक सत्यापन 1 नवम्बर से वर्ष 2026 के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। योजनान्तर्गत जिले के सभी पेंशनर्स को आवश्यक रूप से 31 जनवरी तक स्वयं का वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाना है। जिले के लगभग 1 लाख 68 हजार 280 सामाजिक पेंशन योजना के लाभार्थियों में से अब तक केवल 78 प्रतिशत पेंशनर्स का ही सत्यापन हुआ है। जिला परिवीक्षा व समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि लाभार्थी पेंशन का वार्षिक सत्यापन ई-मित्र कियोस्क, ई-मित्र प्लस आदि केन्द्रों पर अंगुली की छाप व एंड्रॉइड मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लाभार्थी योजनान्तर्गत अपना वार्षिक सत्यापन 31 जनवरी से पूर्व जल्दी से जल्दी करवाएं जिससे उनको पेंशन योजना लाभ सुचारु रूप से मिल सकें। सत्यापन नहीं करवाने की स्थिति में उनको पेंशन योजना का लाभ मिलना बंद हो सकता है। उन्होंने बताया कि पेंशन सत्यापन नहीं होने की स्थिति में ग्रामीण क्षेत्रों में सम्बन्धित विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्रों में सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में जाकर सम्पर्क कर सकते है।

## चयनित, प्रक्रियाधीन उचित मूल्य दुकानों की चयन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से किया निरस्त

**धौलपुर(निस)।** जिले में 29 जुलाई 2025 को रिक्त, नवसृजित उचित मूल्य दुकानों की विज्ञप्ति जारी की गई थी। जिला कलक्टर (रसद) श्रीनिधि बी टी ने बताया कि विज्ञप्ति के संबंध में प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया। कमेटी के मतानुसार जिला रसद अधिकारी की ओर से संवीक्षा के समय अद्यतन विभागीय आदेश, परिपत्र, पत्र प्रस्तुत नहीं करने के कारण चयनित आवेदन पत्रों की संवीक्षा में शुचिता व पारदर्शिता का अभाव पाया गया। उन्होंने बताया कि कमेटी की राय के आधार पर विज्ञप्ति निरस्त करते हुए अंतिम रूप से चयनित, प्रक्रियाधीन उचित मूल्य दुकानों की चयन प्रक्रिया को इसी स्तर पर एतदद्वारा तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। उन्होंने जिला रसद अधिकारी को निर्देश दिए कि आदेश की पालना सुनिश्चित करते हुए विभाग के अद्यतन नियम व विभागीय दिशा-निर्देश, परिपत्र, आदेशानुसार यथाशीघ्र पुनः विज्ञप्ति जारी किया जाना सुनिश्चित करें।

### माली सैनी समाज के संगठनों ने दूदू उपखण्ड अधिकारी को दिया ज्ञापन

**दूदू(निसं)।** माली महासभा, महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले माली सैनी सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान के तत्वाधान में राजस्थान आरक्षण संघर्ष समिति की 11 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी को दिया गया।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. निर्माण खण्ड, जयपुर**

कमांक :- 1699 दिनांक :-06-01-26

**निविदा सूचना संख्या 42 / 2025-26**

राज्यपाल महोदय की आज्ञा से विभिन्न प्रकार के कार्यो की निविदाएं इच्छुक संवेदको से दिनांक 19.01.2026 प्रातः 9.30 बजे से 20.01.2026 को दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदाओं का विस्तृत विवरण एसपीपीपी पोर्टल (http//eproc.rajasthan.gov.in/ & www. sppp. rajasthan. gov.in) पर देखा जा सकता है ।

| S.NO | UBN NO |
|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB20144 |
| 2 | PWD2526WSOB20145 |

(सी.मी. संचेती)
अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि.
निर्माण खण्ड जयपुर

DIPR/C/487/2026

**Office of the Superintendent**
**Super Speciality Hospital, Jaipur (Rajasthan)**
(Attached Hospital, SMS Medical College)

NIB. NO. 5272/SSH/2025-2026 Dated:- 7/01/26

**e-TENDER NOTICE No. 1/2025-26**

E-Bid is invited from Manufacturer/Authorized Dealer for procurement of UPS Batteries for Super Speciality Hospital, Jaipur upto 12.00 Noon on 19/01/2026 Details may be seen in the Bidding Document on website http://sppp.raj.nic.in Bid form may be seen and downloaded from website eproc. rajasthan. gov.in This bid shall be processed through e-procurement portal of Govt. of Rajasthan. Estimated value of the procurement is Rs. 27.68 Lac.

NIB No. SMS2526A0321
UBN No.SMS2526GLOB00549

MEDICAL SUPERINTENDENT CUM MEMEBR SECRETARUY
RAJASTHAN MEDICARE RELIEF SOCIETY
SUPER SPECIALITY HOSPITAL, JAIPUR

DIPR/C/504/2026

Vivekanand Marg, Near Trauma Center, Tonk Road, Jaipur-302001
Email:-ms.ssbhospital@gmail.com

**Office of The Additional Chief Engineer, PHED, Region-Kota**
Phone No. 0744-2503651 Email: ACE.KOT.PHED@RAJASTHAN.GOV.IN

**Notice Inviting Bid**

Bids for water supply works are invited from interested bidders. Other particulars of the bid may be visited on the http:// www. eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.rajasthan.gov.in website detail are following:-

| NIT.No. | Name of work | Estimated Cost | Date & time for online submission of tender |
|---|---|---|---|
| 17/2025-26 | Work of providing drinking water to Bhawani Mandi and Sunel Town including 14 Villages of Piplad Water Supply Scheme from Rajgarh Dam, District Jhalawar including 10 years O&M after 1 year Defect Liability Period under Budget Announcement 2024-25. UBN No. PHE 2526 WLOB 10378 | Rs. 3153.45 Lakh | From 02.01.2026, 05.00 PM to 22/01/2026 upto 06.00 PM |

DIPR/C/452/2026

(Deepak Kumar Jha)
Additional Chief Engineer
PHED, Region, Kota

**डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय**
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय) जोबनेर, जयपुर (राजस्थान) 303329

क्रमांक :- प. ( ) डेविप्राम/श्रीकनकृविवि/2025/4274 दिनांक :- 12/01/2026

**ई-निविदा सूचना**

डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय जोबनेर, जयपुर (राजस्थान) 303329 में विभिन्न श्रेणी के फर्नीचर की आपूर्ति की ई-बिड प्रपत्र वेबसाइट **http://eproc.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है एवं **http://sppp.rajasthan.gov.in and www.sknau.ac.in** देखा जा सकता है। निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 28.01.2026 को अपराह्न 02.00 बजे तक अपलोड करवाई जा सकती है। ई-निविदा की अनुमानित राशि रू. 35.30 लाख है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 29.01.2026 को प्रातः 11.00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

**UBN No. : SKN2526GLOB00376**

राज.संवाद/सी/25/17854 अधिष्ठाता

**कार्यालय ग्राम पंचायत बागावास अहिरान**
**पंचायत समिति विराटनगर**

क्रमांक:-ग्रा.प./2025-26/94 दिनांक:- 04.07.2025

**ई-निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बागावास अष्ठिरान द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु शर्त रहित निविदा सिंगल स्टेज द्वि-लिफाफा पद्धति में इच्छुक पंजीकृत फर्मों / संवेदको से आमंत्रित की जाती है। UBN No. ZJP2526WSOB02165, ZJP2526WSOB02166
निविदा से सम्बन्धित से विस्तृत विवरण वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in and eproc. rajasthan.gov.in पर भी देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बागावास अहिरान**
**पं. स. विराटनगर (जयपुर)**

**प्रशामक**
**ग्राम पंचायत बागावास अहिरान**
**पं. स. विराटनगर (जयपुर)**

CMYK



शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
20 जनवरी, 2026

# एमएसजी अवतार माह में डेरा सच्चा सौदा का आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर

## किसानों के लिए मानवता भलाई कार्य की शुरुआत

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** डेरा सच्चा सौदा के पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन प्रेरणा से परम पिता शाह सतनाम जी महाराज के पवित्र एमएसजी अवतार माह के अवसर पर निशुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर निरंतर जनसेवा का माध्यम बना हुआ है। इसी क्रम में सोमवार को शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। आयुर्वेदिक शिविर 21 जनवरी तक जारी



रहेगा। शिविर में माता आस कौर जी आयुर्वेदिक अस्पताल, सिरसा से वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. अजय गोपलानी, डॉ. मीना गोपलानी, डॉ. कुलदीप शर्मा इन्सां, डॉ. शशिकांत इन्सां, डॉ. संगीता इन्सां, डॉ. मुनीष इन्सां सहित मेडिकल ऑफिसर डॉ. जगवीर, डॉ. सिमरन व डॉ. दीपिका ने सेवाएं दीं। मरीजों की आयुर्वेदिक पद्धति से जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। साथ ही केरलीय पंचकर्म पद्धति व देसी औषधियों के माध्यम से उपचार किया गया। इस अवसर पर किसानों की भलाई को ध्यान में रखते हुए डेरा सच्चा सौदा की ओर से एक और मानवता भलाई कार्य की शुरुआत की गई। इसके तहत कर्ज में डूबे जरूरतमंद किसानों को आधुनिक खेती की तकनीक सिखाने के साथ सिंचाई के बेहतर प्रबंध में सहयोग दिया जाएगा, ताकि किसान आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें और आत्मघाती कदमों से बचें। पूज्य गुरु जी के निर्देशानुसार शिविर में गरीब व असहाय मरीजों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता भी निरंतर प्रदान की जा रही है। आत्मनिर्भर मुहिम के अंतर्गत जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें दी गईं, सेफ कैंपेन के तहत नशा छोड़ने वाले लोगों को पौष्टिक आहार किटें वितरित की गईं। दिव्यांग जरूरतमंद व्यक्ति को इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल प्रदान की गई, जबकि कड़ाके की सर्दी को देखते हुए जरूरतमंद परिवारों व बच्चों को गर्म वस्त्र भी उपलब्ध कराए गए। चिकित्सकों के अनुसार शिविरों का कैलेंडर इस प्रकार रहेगा–20 जनवरी को कैंसर रोग जांच, 22 जनवरी को शुगर व थायराइड जांच, 26 जनवरी को कान-नाक-गला (ईएनटी) जांच तथा 19 से 31 जनवरी तक नेचुरोपैथी कैंप आयोजित होंगे।

# सादुलपुर की कच्ची बस्ती में बर्तन बैंक में दिए बर्तन



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** शहर के वार्ड 14 स्थित कुचिया बस्ती में संचालित बर्तन बैंक के लिए पिलानी निवासी चंदन जांगिड़ की ओर से थाली, कटोरी और गिलास सहित करीब 500 बर्तन भेंट किए गए। बस्ती में बर्तन बैंक की यह पहल प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस अवसर पर एडवोकेट गायत्री पूनिया ने कहा कि बस्ती में बर्तन बैंक खोलने का उद्देश्य पूरे क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाना है, ताकि सामाजिक आयोजनों और दैनिक उपयोग में प्लास्टिक के बजाय स्टील व अन्य टिकाऊ बर्तनों का इस्तेमाल किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान मंजू कुलहरी ने उपस्थित लोगों को प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी, वहीं निर्मल शर्मा ने बस्तीवासियों को साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। बस्तीवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में प्लास्टिक का उपयोग न करने और बर्तन बैंक का अधिक से अधिक लाभ लेने का संकल्प लिया।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष पर छवि धूमिल करने का आरोप

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के दो युवकों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष पर उनकी सामाजिक छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए थाना राजलदेसर में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रहलाद जाट, वार्ड संख्या 12 तथा हेमंत प्रजापत, वार्ड संख्या 11, राजलदेसर ने थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई। प्रार्थना पत्र में दोनों युवकों ने आरोप लगाया कि विष्णु भगवान प्रजापत, जो कि भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष हैं, ने आपसी द्वेषता के चलते सोशल मीडिया पर 'मरूधरा' नामक पेज पर एक वीडियो पोस्ट किया। उक्त वीडियो में उनके खिलाफ यह कहा गया कि वे रात्रि के समय चोरी करते हैं, होटलों में घूमते रहते हैं और उनके विरुद्ध पूर्व में 15-20 मुकदमे दर्ज हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस प्रकार के आरोप पूरी तरह निराधार हैं और इससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को गंभीर क्षति पहुंची है। इसी को लेकर उन्होंने थाना राजलदेसर में लिखित प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थानाधिकारी ने प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को देकर नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# चलते आंगनबाड़ी केंद्र को बताया खाली, स्काउट ऑफिस का निकलवा लिया आदेश

## 8 साल से चल रही आंगनबाड़ी को स्कूल से बाहर करने की कोशिश, गलत रिपोर्ट से कलेक्टर को किया गुमराह

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के दड़ीबा क्षेत्र में बड़ा प्रशासनिक फर्जीवाड़ा सामने आया है। वार्ड नंबर 21 में पिछले आठ वर्षों से नियमित रूप से संचालित आंगनबाड़ी केंद्र को कागजों में खाली भवन बताकर उसी स्थान पर स्काउट कार्यालय खोलने का आदेश जारी करवा लिया गया। इस मामले के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और आंगनबाड़ी कर्मचारियों में भारी रोष है। जानकारी के अनुसार राजकीय पार्वती देवी राठी उच्च प्राथमिक (मर्ज) विद्यालय परिसर में महिला व बाल विकास विभाग की ओर से वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किया जा रहा है। यहां दर्जनों बच्चों को पोषण आहार, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा और गर्भवती व धात्री महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। इसके बावजूद शिक्षा विभाग की ओर से भेजी गई रिपोर्ट में भवन को रिक्त दर्शाया गया, जिसके आधार पर कलेक्टर से स्काउट ऑफिस के लिए भवन आवंटन का आदेश प्राप्त कर लिया गया।



### सरकार के आदेशों की अनदेखी :

राज्य सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि आंगनबाड़ी केंद्रों को विद्यालय परिसरों में ही संचालित किया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक और पोषण सुविधाएं मिल सकें। लेकिन बीदासर में इसके ठीक उलट चलते आंगनबाड़ी केंद्र को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि वार्ड नंबर 19 स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय का भवन पूरी तरह खाली होने के बावजूद स्काउट कार्यालय के लिए उसका उपयोग नहीं किया गया। आरोप है कि जानबूझकर वार्ड नंबर 21 की आंगनबाड़ी को हटाने की मंशा से पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया गया।

### बिना लिखित आदेश बनाया जा रहा दबाव:

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि केंद्र खाली करने को लेकर अब तक विभाग की ओर से कोई लिखित आदेश नहीं दिया गया है, फिर भी उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आंगनबाड़ी केंद्र हटाया गया तो छोटे बच्चों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# विभिन्न मांगों को लेकर नगरपालिका का घेराव, भ्रष्टाचार के आरोप



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** अखिल भारतीय किसान सभा, भीम आर्मी तथा राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर नगरपालिका कार्यालय का घेराव किया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता नगरपालिका कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए और नगरपालिका प्रशासन व सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सभा को संबोधित करते हुए किसान सभा के नेता कामरेड भादर भाम्बू ने आरोप लगाया कि नगरपालिका में कांग्रेस और भाजपा की मिलीभगत से भारी भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि वार्ड परिसीमन में अनियमितताएं की गई हैं। अनुसूचित जाति (एससी) वार्ड को तोड़कर इस प्रकार परिसीमन किया गया कि एससी वर्ग का प्रत्याशी नगरपालिका सदस्य न बन सके। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र आवेदनों को जानबूझकर स्वीकृति नहीं दी जा रही है, जिससे जरूरतमंदों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी कुंदन दैथा के अवकाश पर होने के कारण मौके पर पहुंचे तहसीलदार हरदीप सिंह ने आंदोलनकारियों से वार्ता कर ज्ञापन प्राप्त किया। तहसीलदार हरदीप सिंह ने आश्वासन दिया कि सभी मांगों को उच्च अधिकारियों तक अवगत करवा दिया जाएगा। घेराव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाधिकारी मय जाब्ता मौके पर मौजूद रहे। धरने में रतनलाल, श्रवण बारूपाल, लाभचंद सोनी, विजयपाल कड़वासरा, किशन सोनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जलदाय विभाग की लापरवाही आमजन पर भारी

## एक माह से पाइप लाइन लीकेज



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित बागला स्कूल के पीछे तारानगर रोड वार्ड नंबर 58 में पानी की मेन लाइन लीकेज होने पर चौक पर पानी जमा हो रहा है। जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने बताया की यह समस्या एक महीने से हो रही है। इसकी शिकायत जलदाय विभाग को कर दी गई है। लेकिन जलदाय विभाग की ओर से किसी भी प्रकार का एक्शन नहीं लिया गया है। वार्डवासियों ने यह भी बताया कि एक तरफ तो पीने का पानी नहीं आ रहा है दूसरी तरफ पानी की मेन लाइन लीकेज होने के कारण व्यर्थ बह रहा है यह एक दुर्भाग्य की बात है। एक महीने से पानी इकट्ठा होकर तालाब का रूप ले रहा है जिससे मच्छर पनप रहे हैं। वार्डवासियों ने यह भी बताया कि मच्छर इतने ज्यादा हो गए हैं कि मलेरिया बीमारी होने का भी डर बना हुआ है। आखिरकार जलदाय विभाग कब करेगा समाधान।

# उपखंड कार्यालय पर कांग्रेस का हल्ला बोल, सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

## कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा मांगपत्र

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर में एसआईआर के तहत फर्जी तरीके से फार्म संख्या सात में फर्जी हस्ताक्षर कर वोट हटवाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग को लेकर तारानगर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया के नेतृत्व में जिला कलक्टर के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। इससे पहले विधायक निवास पर विधायक बुड़ानिया के साथ कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसके बाद सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन करते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचे जहाँ उन्होंने उपखंड अधिकारी को मांग पत्र सौंपा। विधायक बुड़ानिया ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा भाजपा के लोग प्रजातंत्र कमजोर करने की कोशिश कर रहे है। कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के वोट काटने की



कोशिश की जा रही है जो सरासर गलत है हम ऐसा हरगिज नहीं होने देंगे चाहे हमें कुछ भी करना पड़े। विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि भाजपा के लोग बीएलओ को धमका रहे कि आपको पार्टी का काम करना पड़ेगा हम जो चाहेंगे वो ही होगा। इस मौके पर निवर्तमान प्रधान संजय कस्वां, अभिषेक बुड़ानिया, ब्लॉक अध्यक्ष वेद प्रकाश सहारण, मदन पांडया, मोहरसिंह ज्याणी, उमाशंकर शर्मा, प्रकाश मेघवाल, हरिसिंह बेनिवाल, भागीरथ भामी, बाबू हुसैन कुरैशी, मुंशी खां, मोहर सिंह धाणक, दिनेश शर्मा, मानसिंह सैनी, कृष्ण सहारण, हर्ष कुमार, पप्पू गोस्वामी, संतलाल नाई, अजीज खान सहित कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वर्णकार जन सेवा संस्थान का गठन, ओमप्रकाश जोड़ा अध्यक्ष बने



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के गांधी चौक स्थित पवन कड़ेल के आवास पर 18 जनवरी को स्वर्णकार समाज की एक आम सभा का आयोजन किया गया। सभा में समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से स्वर्णकार जन सेवा संस्थान के गठन का निर्णय लिया। आम सभा में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें ओमप्रकाश जोड़ा को अध्यक्ष, अशोक कड़ेल को मंत्री, श्यामसुंदर कूकरा को कोषाध्यक्ष, राम अवतार कड़ेल को उपाध्यक्ष, गोपाल लावट को उप मंत्री, कृष्ण कड़ेल को उप कोषाध्यक्ष और शिव भगवान जोड़ा को प्रचार मंत्री बनाया गया। इसके अलावा मनोज कड़ेल और जयप्रकाश कूकरा को भी जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति में कुल 35 सदस्यों को मनोनीत किया गया। संस्थान के संरक्षक के रूप में जयचंद लावट, बजरंगलाल कड़ेल, नारायण कड़ेल, सत्य नारायण जोड़ा, हनुमान कड़ेल, हेमराज कूकरा एवं नरेन्द्र कड़ेल को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश जोड़ा ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा एवं सेवा कार्यों को बढ़ावा देना है। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग, समाज के कार्यक्रमों जैसे विवाह आदि में सेवा कार्य, तथा जरूरतमंद सामाजिक व्यक्तियों को यथासंभव सहायता उपलब्ध कराना समिति की प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि सेवा भाव ही समिति का मूल कर्तव्य होगा और समाज में प्रेम व भाईचारे को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि समिति के सभी कार्य एवं निर्णय पदाधिकारियों की बहुमत सहमति से लिए जाएंगे तथा समाज के व्यक्तियों को दी जाने वाली सहायता को गोपनीय रखा जाएगा। सभी उपस्थित सदस्यों ने एक मत होकर समाज हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# किसान सभा का जिला सम्मेलन आज से

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय किसान सभा का 29 वाँ जिला सम्मेलन सुजानगढ़ में मंगलवार से शुरू होगा। किसान सभा के तहसील सचिव रामनारायण रुलानिया ने बताया कि जाट छात्रावास में दो दिन 20 और 21 को किसान सभा का जिला सम्मेलन सुजानगढ़ में पहली बार हो रहा है, जिसको लेकर कार्यकर्ता और आमजन में उत्साह है। जिला मंत्री उमराव सिंह ने बताया कि दो दिन जिला सम्मेलन में किसानों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर मंथन किया जाएगा और आगामी आंदोलन का ऐलान किया जाएगा। जिस तरह से सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान की हालत खराब हो रही है। ना तो फसल का भाव, ना बीमा क्लेम.. आदि मुद्दों पर सरकार फैल है। दो दिन जिला सम्मेलन में किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष पूर्व विधायक कॉमरेड पेमाराम, राज्य सचिव दुलीचंद मीणा, राज्य महामंत्री छगनलाल चौधरी, राज्य संयुक्त सचिव सागर खाचरिया मौजूद रहेंगे। सम्मेलन में नई जिला कार्यकारणी का चुनाव होगा, जिसको लेकर सम्मेलन की तैयारियों में रामनारायण रूलाणिया, तेजपाल गोदारा, ओमप्रकाश डूडी, दिनेश गुलेरिया, नरेंद्र सिंह ढाका, रामकृष्ण छींपा, कुंदन, सागर मेघवाल, मुमताज काजी, महबूब बड़गुजर आदि लगे हुए हैं।

# प्रभावी समाधान के लिए समस्या की प्रकृति और उसके कारणों को समझना आवश्यक: महर्षि

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** प्रभावी समाधान के लिए समस्या की प्रकृति और उसके कारणों को समझना अत्यंत आवश्यक है। यह बात रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने भाजपा कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कही। जनसुनवाई में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए आमजन ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं, जिन्हें गंभीरता से सुनते हुए महर्षि ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर महर्षि ने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान की प्रक्रिया का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम उस समस्या की प्रकृति और कारणों को स्पष्ट रूप से समझना है। जब कारणों की सही पहचान हो जाती है, तभी प्रभावी और स्थायी समाधान संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंच रहा है और



मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ी समस्याओं का भी यथोचित समाधान किया जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान विद्युत पोल शिफ्टिंग, आपणी योजना, ढीले पड़े विद्युत तारों को कसवाने, नई सड़क निर्माण सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। महर्षि ने इन सभी मामलों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में भाजपा नेता अर्जुन सिंह फ्रांसा, दीनदयाल पारीक, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, बाबूलाल प्रजापत, सुशील इंदौरिया, गिरधारी प्रजापत, किशन भाटी, शम्भूदयाल लाटा, सुनील शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# जोहड़ में मृत पशु को डालने का विरोध

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** डूंडलोद कस्बे में स्थित जोहड़ में कुछ आवारा मृत पशु मिले जिसका गांव के लोगों ने विरोध किया और प्रशासन से मांग की है कि जोहड़ मे मरे हुए पशुओं को न डाला जाए, इसके लिए उन्होंने प्रशासन से मांग की है जिन लोगों ने यहां पशु डालें। उनकी उसकी जांच कर उन पर कार्रवाई की जाए ताकि यह घटना दोबारा ना दोहराए जां सके। इस अवसर पर भाजपा नेता शंकर लाल शर्मा, गौ रक्षक भैरू सिंह राठौड़, सुमित, राहुल कुमावत, उमेश शर्मा, दौलत गढ़वाल, यशवंत इंदौरिया, धनंजय शर्मा सहित काफी लोग मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

CMYK

## टॉप टेन विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आज

**मंडावा(निस)।** समाजसेवी संस्थान श्री गांधी जनकल्याण समिति, मण्डावा की ओर से सोमवार को राजस्थान पब्लिक स्कूल में हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में करीब दौ सौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि 20 जनवरी मंगलवार को दोपहर सवा एक बजे बिसाऊ चौराहे के निकट राजस्थान पब्लिक स्कूल, मण्डावा में आयोजित श्रमिक नेता किशनलाल लाहोरा की 26 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम के दौरान सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में अव्वल रहे टॉप टेन विद्यार्थियों को माला पहना कर व नगद राशि व पाठ्य सामग्री भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक कैलाश लाहोरा ने बताया कि मंगलवार को परीक्षा में विद्यार्थी क्रमशः अर्पित कुलहरी, साक्षी सुनिया, प्रिंस मुण्ड, अफसरा, रामलाल, टीना जांगिड़ दक्ष बलवीर, प्रिंयल और प्रिंयाशी सैनी आदि विजेता प्रतिभागियों को मंगलवार को सम्मानित किया जाएगा।

## दिनदहाड़े डूंडलोद में लूट, चोरों के हौसले बुलंद

### पुलिस गश्त, बीट व्यवस्था और लचर कार्यशैली पर उठे तीखे सवाल

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(नि.स.)।** नवलगढ़ के निकटवर्ती कस्बा डूंडलोद में दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज चोरी की वारदात ने पुलिस की गश्त व्यवस्था और बीट सिस्टम की पोल खोलकर रख दी है। दोपहर करीब 1 बजे एक महिला व पुरुष बेखौफ होकर घर में घुसे, स्प्रे से महिलाओं को बेहोश किया और इत्मीनान से चोरी कर फरार हो गए। हैरानी की बात यह है कि घटना दिन के उजाले में हुई, जब आमतौर पर पुलिस गश्त सक्रिय होने का दावा करती है। घटना के समय घर में केवल दो महिलाएं मौजूद थीं, जबकि परिवार के अन्य सदस्य शादी समारोह में गए हुए थे। चोरों ने इस स्थिति का पूरा फायदा उठाया। पीड़िता अभी पूरी तरह होश में भी नहीं आई है, ऐसे में चोरी गए सामान का पूरा विवरण सामने नहीं आ पाया है, लेकिन अपराधियों का बेखौफ अंदाज पुलिस की निष्क्रियता पर बड़ा सवाल बन गया है। सूचना के बाद मुकुंदगढ़ थाना पुलिस मौके पर तो पहुंची और नाकाबंदी का दिखावा भी किया गया, लेकिन सवाल यह है कि अगर बीट कांस्टेबल समय पर सक्रिय होते, गश्त नियमित होती और संदिग्धों पर नजर रखी जाती, तो क्या चोर इतनी आसानी से वारदात कर पाते? नाकाबंदी के बावजूद अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी न होना पुलिसिया कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहा है। स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस गश्त केवल कागजों में सिमटकर रह गई है। बीट व्यवस्था नाम मात्र की है और पुलिस वारदात के बाद पहुंचकर 'जांच जारी है' कहकर पल्ला झाड़ लेती है। दिनदहाड़े महिलाओं को बेहोश कर लूट की घटना ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुलिस सिर्फ औपचारिक कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि बीट व्यवस्था को दुरुस्त करे, नियमित गश्त सुनिश्चित करे और जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर कानून-व्यवस्था पर जनता का भरोसा बहाल करे। वरना ऐसे हालात में अपराधियों के हौसले और बुलंद होते चले जाएंगे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी

### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं घन्टीयाल बड़ी / ई. नि /2025-26/146-150 — दिनांकः 16.01.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 11 /2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रुपये) | धरोहर राशि (रुपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | राउमावि में एक कमरा (20×25) मय बरामदा का निर्माण कार्य घंटियाल बड़ी बीदासर | 1000000 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 19.01.2026 प्रातः 09.00 बजे से 28.01.2026 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 28.01.2026 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 28.01.2026 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1334 UBN No ZCR2526WSOB02307 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी**
**पंचायत समिति बीदासर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी**
**पंचायत समिति बीदासर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी

### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं घन्टीयाल बड़ी / ई. नि /2025-26/151-155 — दिनांकः 16.01.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 12 /2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रुपये) | धरोहर राशि (रुपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | राउमावि मानपुरा, पंचायत घंटियाल बड़ी बीदासर में मय बरामदा 2 कक्षा कक्ष का निर्माण | 2000000 | 40000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 19.01.2026 प्रातः 09.00 बजे से 28.01.2026 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 28.01.2026 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 28.01.2026 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1335 UBN No ZCR2526WSOB02308 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी**
**पंचायत समिति बीदासर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी**
**पंचायत समिति बीदासर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी

### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं घन्टीयाल बड़ी / ई. नि /2025-26/156-160 — दिनांकः 16.01.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 13 /2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रुपये) | धरोहर राशि (रुपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत घंटियाल बड़ी के ग्राम ढिगारिया तहसील बीदासर में राउमावि में डीएमएफटी फण्ड से 02 कक्षा कक्ष मय बरामदा का निर्माण साईज 25×20 | 1800000 | 36000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 19.01.2026 प्रातः 09.00 बजे से 28.01.2026 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 28.01.2026 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 28.01.2026 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1336 UBN No ZCR2526WSOB02309 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी**
**पंचायत समिति बीदासर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी**
**पंचायत समिति बीदासर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी

### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं घन्टीयाल बड़ी / ई. नि /2025-26/141-145 — दिनांकः 16.01.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 10 /2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रुपये) | धरोहर राशि (रुपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | राउप्रावि ढिगारिया में 01 कक्षा कक्ष मय बरामदा का निर्माण साईज 20×25 | 1000000 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 19.01.2026 प्रातः 09.00 बजे से 28.01.2026 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 28.01.2026 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 28.01.2026 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1333 UBN No ZCR2526WSOB02306 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी**
**पंचायत समिति बीदासर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी**
**पंचायत समिति बीदासर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी

### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं घन्टीयाल बड़ी / खु. नि / 2025-26/166-170 — दिनांकः 16.01.2026

**खुली निविदा सूचना संख्या- 15/2025-26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी पंचायत समिति बीदासर (चूरू) में स्वीकृत निम्नकार्यों को सम्पादित कराने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एक वर्ष की डिफ़ेक्टिव लाइब्लिटिजके साथ उपर्युक्त श्रेणी राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से खुली निविदा प्रक्रिया द्वारा निर्धारित प्रपत्र / फार्म में दिनांक 19.01.2026 समय प्रातः 10:00 बजे से निविदायें आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रुपये) | धरोहर राशि (रुपये) |
|---|---|---|---|
| 1. | पानी निकासी हेतु इन्टरलाक ब्लाक सीसी सड़क मय नाली निर्माण कार्य सामुदायिक भवन से छोटुराम मेघवाल के घर की ओर पालास | 515000 | 10300 |
| 2 | पानी निकासी हेतु इन्टरलाक ब्लाक सीसी सड़क मय नाली निर्माण कार्य आम रास्ता से किशोर ढोली के घर की ओर पालास | 380000 | 7600 |
| 3. | पानी निकासी हेतु इन्टरलाक ब्लाक सीसी सड़क मय नाली निर्माण कार्य आम रास्ता से गिधाराम मेघवाल के घर की ओर पालास | 500000 | 10000 |
| 4 | सार्वजनिक श्मसान भूमि में पेयजल होज निर्माण घंटियाल बडी | 280000 | 5600 |
| 5. | पुराने पंचायत में नवनिर्मित लाइब्रेरी में फर्नीचर लगाने का कार्य घंटियाल बड़ी | 390000 | 7800 |
| 6. | सार्वजनिक लाइब्रेरी में फर्नीचर लगाने का कार्य ढिगारिया या प घंटियाल बड़ी | 200000 | 4000 |

उक्त कार्यों के इच्छुक निविदादाताओं द्वारा निर्धारित शुल्क कार्यालय में जमा करवाकर दिनांक 28.01.2026 समय 11:00 ए.एम. बजे तक निविदा फार्म एवं शर्तों की प्रति प्राप्त की जा सकती है। भरी हुई एवं सीलबन्द निविदाऐं दिनांक 28.01.2026 समय 12:00 पी. एम. बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवाई जा सकती है। धरोहर राशि निविदा आवेदन पत्र के साथ संलग्न शर्तों अनुसार स्थानीय बीदासर बैंक शाखापर देय बैंक डी0डी0 / बैंकर्स चेक द्वारा जमा कराई जा सकेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 28.01.2026 को दोपहर 02:00 बजे से गठित क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी। निविदा शुल्क प्रत्येक कार्य का रूपये 200/- जमा करवाना होगा। उक्त से संबन्धित अन्य विस्तृत शर्तें कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है। उक्त से संबन्धित अन्यविस्तृत विवरण http//sppp.rajasthan.gov.in पर NIBNo ZCR2526A1339 UBNN ZCR2526WSOB02311, ZCR2526WSOB02312, ZCR2526 WSOB02313, ZCR2526WSOB02314, ZCR2526WSOB02315, ZCR2526WSOB02316 से Download कर देखा जा सकता है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी**
**पंचायत समिति बीदासर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी**
**पंचायत समिति बीदासर**

## महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर निकाली शोभायात्रा



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सर्व समाज की ओर से सोमवार को महाराणा प्रताप की 429वीं पुण्यतिथि पर स्थानीय इंद्रमणि पार्क से कलेक्ट्रेट तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर व ध्वज लहराकर शोभायात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि महाराणा प्रताप मेवाड़ के एक महान राजपूत राजा थे। उन्होंने 1576 में हल्दीघाटी युद्ध में अकबर की विशाल सेना के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, वे सब के प्रेरणा स्रोत थे। हमें उनके पद चिन्हो पर चलना चाहिए। करणी सेना के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ढ़ाढ़र ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को जागरूक करना है। कार्यक्रम में युवाओं ने संकल्प लिया कि हर वर्ष महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण, भाजपा नेता विक्रम कोटवाद, पदम सिंह राठौड़, सुनील ढ़ाका, छात्र नेता विशाल सिंह, रविंद्र सिंह रिड़खला, आदित्य, वीरेंद्र सिंह, राजीव लांबा, नरेंद्र सिंह, लखेन्द्र सिंह ख्याली, लक्खू सिंह दान्दू, तेजपाल शर्मा, आलोक सिंह टकणेत, पंकज सिंह ढ़ाढ़र, प्रदीप सिंह कुसुंबी सहित अनेक युवा व सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

## खांडल विप्र समाज ने किया 145 प्रतिभाओं का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री खांडल विप्र समिति की ओर से परशुराम भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष रामस्वरूप माटोलिया की अध्यक्षता में समिति के मंत्री विनय माटोलिया, संरक्षक प्रहलादनारायण माटोलिया, मुख्य अतिथि बनवारीलाल बील, विशिष्ट अतिथि पार्षद सोनिका पीपलवा मंचासीन रहे। शुभारंभ पंडित सुरेन्द्र काछवाल के मंत्रोच्चारण के साथ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। समिति की ओर से मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण, श्रीफल, शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। समारोह में समाज के कक्षा 8वी, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर , प्रोफेशनल डिग्री व खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विनय माटोलिया ने स्वागत उद्बोधन दिया और अतिथियों ने शाब्दिक उद्बोधन से प्रतिभाओं को मार्गदर्शन दिया। समारोह में एड भीमशंकर नवहाल, परमेश्वर चोटिया, गोपाल बी चोटिया, राकेश रिणवा, रामरतन बोचीवाल, रुपेश काछवाल, राजेश सुंदरिया, पृथ्वीराज नवहाल, मनोज नवहाल, अरविंद बढ़ाढरा, प्रेम काछवाल, हरीप्रसाद चोटिया, राजेश पीपलवा, हीरालाल गोवला, रामगोपाल नवहाल, सीताराम बोचीवाल, हेमन्त नवहाल, दीपक रिणवा, गौरव बोचीवाल,सुनील झिकनाड़िया, आयुष पीपलवा, एडवोकेट शुभम जोशी, राकेश काछवाल, युवा मंडल अध्यक्ष आशीष चोटिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के सांस्कृतिक मंत्री एडवोकेट पार्थ नवहाल और माधवी जोशी ने किया।

## गोपालपुरा प्रशासक सविता राठी ने रखे बजट के लिए सुझाव



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी ने मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित हुए मुख्यमंत्री सरपंच संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से समस्त राजस्थान की पंचायतों के लिए आगामी बजट के लिए मांगे गए सुझावों के मद्देनजर बीकानेर संभाग की तरफ से बोलते हुए कहा कि गोपालपुरा में पंचायत की ओर से बनाए मास्टर प्लान से हुए प्लानिंग से किए विकास कार्य से जनता का पैसा बचा है एवं कार्य अधिक हुआ है। इसलिए प्रत्येक पंचायत में मास्टर प्लान बने और व्यक्तिगत कागजातों को बनाने के लिए ग्रामीणों को भटकना नहीं पड़े इसके लिए एकल खिड़की योजना बनाई जाए। जिस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवाद में उपस्थित लगभग 400 सरपंचों को मास्टर प्लान बनाने की हिदायत दी और एकल खिड़की के लिए अटल ज्ञान केंद्र प्रत्येक पंचायत में बनाने का आश्वासन दिया। सरपंच संघ के अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल ने सरपंचों की समय के बारे में अवगत करवाया, जिसके लिए मंच से लिखित में समय व सुझाव देने की अपील की गई। प्रशासक सविता राठी ने बताया कि गोपालपुरा की सबसे बड़ी समस्या बाइ पास सड़क की है, जिसका पूर्व में वसुंधरा सरकार के समय सर्वे हो चुका है, सड़क पर अत्यधिक जाम लगा रहता है, जिसे बजट में प्रावधान कर बनाया जाए। साथ ही सूरवास गांव में पानी की समस्या के लिए कोठारी कुंज से पाइप लाइन की मांग की। ग्रामीणों से रूबरू होकर प्रशासक राठी ने बताया कि इस बजट में दोनों कार्य होने की पूर्ण संभावना है।

# गौवंश चिकित्सालय परिसर में जल मंदिर का लोकार्पण



जयपुर टाइम्स


**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय मैत्री मंच व श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार स्वर्णसखि संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में निराश्रित गौवंश चिकित्सालय परिसर में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी ईश्वरी नंदगिरी ने मैत्री मंच, स्वर्णसखि जल मंदिर का लोकार्पण किया। साध्वीजी के सान्निध्य में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोपालपुरा प्रशासक सविता राठी, विशिष्ट अतिथि हंसराज मायछ, संरक्षक कौशल्या गुलेरिया, राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. शर्मिला सोनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्नेहप्रभा मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। तत्पश्चात् साध्वी नंदगिरि की ओर से शिलापट्ट का अनावरण कर जल मंदिर का लोकार्पण किया गया। उन्होंने कमंडल में जल भरके सभी को जल का प्रसाद वितरण किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ. शर्मिला सोनी ने भामाशाह व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि सविता राठी ने मैत्री मंच व स्वर्णसखि संस्थान के इस समाजोपयोगी प्रकल्प की प्रशंसा करते हुए आगे भी ऐसे पुनीत कार्यक्रम सतत संचालित करने की प्रेरणा दी। साध्वी नंदगिरि ने महिलाओं में बढ़ते अंधविश्वास, महिला अत्याचार, नशाखोरी पर लगाम लगाने संबंधी जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया, ताकि समाज में प्रेम, सौहार्द की भावना को बढ़ावा मिले। उन्होंने जल-मंदिर प्रकल्प पर कहा कि जल ही जीवन है, दोनों मंच की ओर से जीवन दायिनी शक्ति समाज को समर्पित की गई इसके लिए सभी मंच साथी साधुवाद के पात्र है। मैत्री मंच की राष्ट्रीय संयोजिका स्नेहप्रभा मिश्रा ने कहा हर व्यक्ति को अपनी हैसियत के अनुरूप जरूरतमंदों का तन मन और धन से सहयोग करते हुए बेजुबान मासूम पशु-पक्षी व जीव-जंतुओं की सहायतार्थ भी अपने जीविकोपार्जन में से यथाशक्ति अंशदान स्वरूप कुछ राशि दान कर अपना मनुष्य जीवन सार्थक करना चाहिए। मंच की स्थानीय शाखा मंत्री डॉ. प्रगति चोरड़िया ने भामाशाह सम्मान पत्र का वाचन किया। जयश्री सेठिया, ललिता तोषावड़ ,मंत्री मधु अग्रोया, प्रकाश सोनी, प्रियांश सोनी, उर्मिला सोनी, सुनीता सोनी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। कौशल्या गुलेरिया, हीरालाल गोदारा, जयकुमार शर्मा, अल्पना, कैलाश टाक, राखी, राजेश बैंगानी, शिवानी पांडे, श्रीमती कमला सिंघी आदि ने भामाशाहों का सम्मान किया। प्रमिला राठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया, संचालन कवि हरिराम गोपालपुरा ने किया।

## *मण्डावा में महाराण प्रताप को किया याद*

***मण्डावा(निस)।** मंडावा के गोयनका चौक में सोमवार को महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान पुष्पांजलि कार्यक्रम में मंडावा लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के तहसील उपाध्यक्ष दिलराज सिंह, मंडावा तहसील एसटी युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मीणा, योगी मोहन नाथ, सीताराम सैनी, विष्णु सिंह शेखावत, राहुल सैनी, सुमित सैनी, हेमन्त सैनी, प्रदीप तूनवाल, बिजू देवड़ा, आशीष कुमार युनुस राकेश कुमार, विजेन्द्र सैनी, बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। दिलराज ने बताया कि हमेशा युवाओं को महापुरुषों के विचारों पर चलना चाहिए।मीणा ने बताया कि हमेशा हर महापुरुषों की जयंती त्यौहार के रूप में मनानी चाहिए।*

## सरदारशहर की ऐतिहासिक धरोहर घंटाघर बना सेल्फी प्वाइंट

### सभापति ने ऐतिहासिक धरोहर घंटाघर पर किया नया नवाचार, चारों रास्तों पर लगाएं एलईडी स्क्रीन बोर्ड



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में करीब कई दशकों पहले एक ऐसे घंटाघर का निर्माण करवाया गया। जिसके नीचे से चारों तरफ रास्ते गुजरते हैं और यह घंटाघर एशिया का दूसरा घंटाघर है। जिसके नीचे से चार रास्ते गुजरते हैं। इस ऐतिहासिक धरोहर घंटाघर की वर्तमान नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी ने सुध लेकर इसका कायाकल्प किया जा रहा हैं। घंटाघर के चारों ओर एलइडी बोर्ड लगाए गए हैं जो शहर वासियों के लिए सेल्फी प्वाइंट बने हुए हैं। नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने बताया कि यह घंटाघर सरदारशहर की एक ऐतिहासिक धरोहर है। इतने दिन लोग यहां पर चारों तरफ बैनर और पोस्टर लगाकर इसकी सुंदरता को खराब करते थे। लेकिन नगरपरिषद की ओर से अब घंटाघर की सुध ली गई है और घंटाघर के चारों ओर एलइडी बोर्ड लगवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी इस घंटाघर का सौंदर्यकरण किया जाएगा। जल्द ही आने वाले दिनों में घंटाघर के सौंदर्यकरण का काम पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खुशी होती है जब यहां करवाए गए कार्य की शहरवासी प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सरदारशहर का नाम पूरे राजस्थान में अलग होगा। क्योंकि यह घंटाघर एशिया में दूसरा घंटाघर है। उन्होंने कहा कि अभी तो हमने इसका काम शुरू किया है। आने वाले कुछ दिनों में इस घंटाघर का स्वरूप पूरी तरह से बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले घंटाघर के चारों ओर होल्डिंग्स बैनर लगा दिए जाते थे। लेकिन अब यह एलइडी लाइट लगने के बाद शहर का हर युवा यहां आकर फोटो वीडियो लेकर अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर हमारी ओर से यह नवाचार किया गया है। जिससे पूरे सरदारशहर की शान बढ़ेगी और मैं अपने आप को इसके लिए गोरवान्वित महसूस कर रहा हूं। बता दे कि घंटाघर पर सुंदर और शानदार एलइडी लाइट लगने के बाद घंटाघर की सुंदरता को चार चांद लगे हैं। जो भी यहां से गुजर रहा है घंटाघर की तस्वीरों को अपने कमरे में कैद करके ही जा रहा हैं। अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहा है।

## जीवन की सभी परेशानियों का समाधान कर मोक्ष दिलाती हैं भक्तिः शास्त्री



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शिव कॉलोनी स्थित चमत्कारी गोगामेड़ी में चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक पवन प्रसाद शास्त्री ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि मनुष्य से गलती होना स्वाभाविक है। लेकिन समय रहते सुधार और प्रायश्चित न करने पर यही गलती पाप बन जाती है। कथा में पांडवों के जीवन में श्रीकृष्ण की कृपा का वर्णन किया गया। कथावाचक ने बताया कि कलयुग के प्रभाव से परीक्षित को ऋषि का श्राप मिला। इसके पश्चाताप वे शुकदेव की शरण में गए। उन्होंने कहा कि भक्ति सर्वश्रेष्ठ निवेश है। यह जीवन की परेशानियों का समाधान करती है और मृत्यु के बाद मोक्ष भी दिलाती है। पंडित पवन शास्त्री ने द्वापर युग का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि धर्मराज युधिष्ठिर ने सूर्य देव की उपासना से अक्षय पात्र प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमेशा पृथ्वी का पूजन और संरक्षण किया। बदले में प्रकृति ने मानव की रक्षा की। उन्होंने यह भी कहा कि भागवत के श्रोता में जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए। परमात्मा अदृश्य होकर भी सब में निवास करते हैं। इन प्रसंगों के माध्यम से कथावाचक, भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और सत्यनिष्ठा का संदेश देते हैं। सोमवार को मुख्य यजमान सुरेश कुमार भार्गव ने सपत्नीक पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर भगत पवन सैनी, मनोज कुमार सैनी, शक्ति सिंह, शेखर गुर्जर, विशाल सिंह, रणवीर गुर्जर, आनंद शर्मा, दीपक सैनी, नत्थूराम, गोपाल शर्मा, गुरवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## खेलकूद प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया उत्साह, विजेताओं का सम्मान

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में चल रहे सांस्कृतिक सप्ताह व खेलकूद सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को को 200 मीटर दौड़ व सतोलिया का खेल आयोजित किया गया। 200 मीटर दौड़ में अनीता प्रथम, पूनम द्वितीय व निर्मला जाट तृतीय स्थान पर रही। इसी के साथ सतोलिया में टीम बी साक्षी बगड़िया, दिव्या शर्मा, निर्मला जाट, हेमलता माली, सिमरन, कोमल चांवरिया व सुमैया विजेता रही। प्राचार्य डॉ योगेश चाहर ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह भाटी, डॉ रतनलाल, डॉ गजेंद्र दान चारण, डॉ विक्रम सोनी, अशिता गढ़वाल व महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन सह आचार्य नवीन कुमार पारीक ने किया।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ (चूरू)**
E- Mail Address - eonp.sdlp@yahoo.in Phone :- 01559 – 222039

क्रमांक : — न.पा.रा. / 2025—26 / 7179 दिनांक :— 13.01.2026

**Notice Inviting Bid**

नगर पालिका राजगढ़ (चूरू) द्वारा दो कार्यो की उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों, पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से निविदायें आंमत्रित की जाती है, जिनका विस्तृत विवरण portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) तथा नगर पालिका कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता हैं, जिनका बिड क्रमांक निम्नानुसार हैं :—

| NIB Code- | UBN Code- |
|---|---|
| DLB2526B0263 | DLB2526WSOB30354 |

राज.संवाद / सी / 25 / 17846

Executive Officer
Municipal Board Rajgarh (Churu)

राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु**
ई - 44 अग्रसेन नगर चूरू E-mail- eemhchuru@yahoo.com
फोन नं. 01562-254670
क्रमांकः प. 01 ()/ चि. स्वा. / खण्ड-चूरु / 2025-26 / 954 दिनांक :- 02.01.2026

**निविदा सूचना संख्या :- 23/2025-26**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु के अन्तर्गत जिला चूरू एवं हनुमानगढ़ के सामु. स्वा. केन्द्रों पर वधुतीकरण के कार्य राशि रु. 59.00 लाख तक एवं सिविल कार्य राशि रु.125.00 लाख के कार्य के लिए निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org,http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता हैं।
UBN No.

| | |
|---|---|
| 1. | NRH2526WSOB02093 |
| 2 | NRH2526WSOB02094 |

DIPR/C/450/2026

अधिषाशी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य खण्ड चूरू

**कार्यालय ग्राम पंचायत मिखाला पंचायत समिति तारानगर, चूरू**

क्रमांक : एफ ( ) / 25-26 / 301-05 दिनांकः 19.01.2026

**ई - निविदा सूचना संख्या 03 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से स्वीकृतड्डकार्यो के सम्पादन हेतु उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया द्वारा आनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http//sppp.rajasthan.gov.in/, https//eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फिस | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महात्मा गांधी बालिका विद्यालय में एक कमरा मय बरामदा निर्माण कार्य चंगोई मिखाला तारानगर | 8.50 | 17000.00 | 1000 | 500 | 4 माह |
| 2 | महात्मा गांधी चंगोई मिखाला में एक कमरा (20X25) मय बरामदा का निर्माण कार्य ग्राम चंगोई मिखाला तारानगर | 7.99 | 16000.00 | 1000 | 500 | 4 माह |
| | ऑनलाईन फार्म डाउनलोड / अपलोड करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 20.01.2026 को प्रातः 09:00 बजे से दिनांक 26.01.2026 को सांय 06:00 बजे तक | | | | |
| | निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क व अन्य दस्तावेज जमा करनें की अन्तिम तिथि | दिनांक 27.01.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक | | | | |
| | ऑनलाईन निविदा खोलने का दिनांक | तकनिकी निविदा 27.01.2026 को समय दोपहर 01.00 बजे | | | | |

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in, पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत मिखाला
पंचायत समिति तारानगर

**कार्यालय ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

क्रमांकः ग्रापं घन्टीयाल बड़ी / ई. नि /2025-26/161-165 दिनांकः 16.01.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 14 /2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रुपये) | धरोहर राशि (रुपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत घंटियाल बड़ी तहसील बीदासर के ग्राम मानपुरा में राउमावि में डीएमएफटी फण्ड से 02 कक्षा कक्ष मय बरामदा का निर्माण साईज 25×20 | 1800000 | 36000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 19.01.2026 प्रातः 09.00 बजे से 28.01.2026 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 28.01.2026 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 28.01.2026 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1337 UBN No ZCR2526WSOB02310 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी
पंचायत समिति बीदासर

प्रशासक
ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी
पंचायत समिति बीदासर